अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 258 लखनऊ, मंगलवार, 07 अप्रैल 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### यूपी में सभी 403 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी लोजपा (रामविलास)

प्रयागराज। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 403 सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी में पूर्वी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने कहा कि केंद्र में पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन है, लेकिन प्रदेश में किसी दल से गठबंधन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ''यूपी फर्स्ट, यूपी वाले फर्स्ट'' के मिशन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और 2027 में सत्ता की चाबी लोजपा (रामविलास) के हाथ में होगी। राजीव पासवान ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए के नाम पर वंचित समाज को गुमराह किया जा रहा है। साथ ही सवाल उठाया कि कंग्रेस सरकार के समय कांशीराम को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया।

### यूपी में सात से नौ अप्रैल तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

लखनऊ। पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है।

# पाकिस्तान के 'सुर में सुर' मिलाती है कांग्रेस : मोदी

एजेंसी

- कांग्रेस पूरी तरह परिवारवादी पार्टी, जनहित से उसका कोई सरोकार नहीं: मोदी

भाबनीपुर-सोरभोग (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया, वहीं कंग्रेस पड़ोसी देश के 'सुर में सुर' मिलाती रहती है।

विकास के मोर्चे पर उन्होंने आरोप लगाया कि कंग्रेस ने हमेशा इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण अपनाया है, जबकि भाजपा देश का दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए काम करती है।

मोदी ने कहा, ''कंग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपाय अपनाए, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रह सकें। लेकिन भाजपा समाज के सभी वर्गो के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णय लेते समय दूरदर्शी सोच रखती है। असम के बरपेटा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 में की गई 'सर्जिकल स्ट्राइक' हो या वर्ष 2025 का 'ऑपरेशन सिंदूर', इस दौरान कंग्रेस हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाती रही और उसके एजेंडे को अहमियत दी। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान से यह संबंध हमेशा देश पर भारी पड़ता है, और हम कभी इसकी अनुमति नहीं दे सकते।'' उन्होंने कंग्रेस पर दशकों तक 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू न करके सेना की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। मोदी ने रैली में कहा कि भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि देश की रक्षा करने वालों को न्याय मिले।



प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा,''हमने अब तक पूर्व सैन्यकर्मियों के बैंक खातों में 12.4 लाख करोड़ रुपये अंतरित किए हैं।''

उन्होंने कहा कि असम में अनेक बलिदानों और पिछले दस वर्षों में हस्ताक्षरित विभिन्न शांति समझौतों को लागू करने की दिशा में भाजपा के ईमानदार प्रयासों के कारण शांति स्थापित हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा शासन में विकास को गति दी है३ इसे जारी रखने के लिए कंग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है।'' उन्होंने कहा कि राज्य में राजग के पिछले 10 वर्षों के शासन में शांति स्थापित करने और इसकी पहचान की रक्षा करने पर जोर दिया गया, और भविष्य में ''हम राज्य में और अधिक समृद्धि लाएंगे और वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने में इसकी मदद करेंगे।''

महिला मतदाताओं को लुभाते हुए मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की महिलाओं को सभी दलों से इस उद्देश्य से तैयार किए गए विधेयक को पारित कराने का आग्रह करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस मुद्दे पर सभी दलों से चर्चा करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। लेकिन कुछ लोग इस बारे में भी अफवाहें फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।''

संसद का बजट सत्र तीन और दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है और संक्षिप्त अवकाश के बाद 16 अप्रैल को पुनः शुरू होगा। केंद्र सरकार लोकसभा सीट की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने के लिए विधेयक लाने की योजना बना रही है। संसद की सीट में प्रस्तावित वृद्धि का उद्देश्य 2023 में बनाए गए महिला आरक्षण कानून के कार्यान्वयन को सुगम बनाना है।

मोदी ने कहा कि इससे देश के सभी राज्यों को लाभ होगा। उन्होंने दोहराया कि महिला सशक्तीकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जहां भी भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार है, वहां महिलाओं को केंद्र और राज्य, दोनों की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।उन्होंने कंग्रेस पर सत्ता में रहते हुए आदिवासियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, ''कंग्रेस ने पूजा स्थलों पर घुसपैठियों को बसने में मदद की। लेकिन भाजपा सरकार उन्हें बेदखल करके राज्य के मूल निवासियों को भूमि के दस्तावेज दे रही है।''

उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई दी और राष्ट्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया।उन्होंने कहा, ''कंग्रेस की सत्ता अब कुछ ही राज्यों में बची है, लेकिन वे अपने कार्यों का ब्यौरा नहीं देते। दूसरी ओर भाजपा अपने कार्यों, विशेष रूप से किसानों के लिए किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाती है।'' मोदी ने सभा को याद दिलाया कि 2013 में, जब केंद्र में संप्रग की सरकार थी, तो उस वक्त धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1,300 रुपये प्रति क्विंटल था, लेकिन अब यह 2,370 रुपये प्रति क्विंटल है।

उन्होंने कहा, ''किसानों की आय बढ़ रही है और भाजपा बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे उनके बैंक खातों में राशि अंतरित कर रही है।ङ्क उन्होंने कहा कि इसी कारण भाजपा किसानों की पहली पसंद है।

स्थानीय लोगों से जुड़ने के प्रयास के तहत मोदी ने बताया कि असम का प्रसिद्ध 'जोहा' चावल अब यूरोपीय देशों को निर्यात किया जा रहा है। राज्य की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव नौ अप्रैल को होंगे और मतगणना चार मई को होगी।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बंगाल पर हमले की धमकी दी, केंद्र सरकार चुप है : ममता बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नदिया जिले में चुनावी जनसभा के दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कथित बयान से लेकर चुनाव प्रक्रिया तक कई मुद्दों पर सवाल उठाए।

ममता बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता तक हमले की धमकी देने जैसी बात बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस पर भारत सरकार की ओर से अब तक कोई कड़ी प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मंत्री कोलकाता को निशाना बनाने की बात कैसे कर



सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बंगाल आए थे, उन्होंने इस पर कुछ क्यों नहीं कहा? क्यों नहीं बताया कि सख्त कदम उठाए जाएंगे? हम इसकी जांच चाहते हैं। कोलकाता पर हमले की बात हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री ने आगामी चार मई को होने वाली मतगणना का जिक्र करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने को कहा।

## देश में रसोई गैस दिहाड़ी मजदूरों की पहुंच से बाहर : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान देश में एलपीजी की हो रही किल्लत पर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि देश में इस समय रसोई गैस दिहाड़ी मजदूरों की पहुंच से बाहर हो गई है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सरकार पर आरोप लगाया कि उसने एलपीजी संकट को बिल्कुल कोविड महामारी की तरह लिया है। नीति शून्य, बड़ी घोषणाएं और पूरा बोझ गरीबों पर डाल दिया गया है। 500 से 800 रुपये की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए रसोई गैस अब पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटने वाले मजदूर के पास चूल्हा जलाने तक के पैसे नहीं हैं। नतीजा यह है कि मजदूर शहर छोड़कर गांव लौटने को मजबूर हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि जो मजदूर वस्त्र मिलों और कारखानों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं।

## पहले बदनाम था आजमगढ़, अब देश करता है स्वागत : योगी

**आजमगढ़ दौरे पर सीएम योगी, डेयरी केंद्र का किया उद्घाटन**

- विकास को सिर्फ सैफई तक सीमित रखती है सपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

आज़मगढ़। त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सपा विकास को सिर्फ सैफई तक सीमित रखती है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़, मऊ, बलिया और जौनपुर कभी भी सपा के एजेंडे का हिस्सा नहीं रहे। मुख्यमंत्री आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र के मिरिया रेहड़ा स्थित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था- दुग्ध अवशीतन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



सपा के लिए परिवार पहले है और उसे समाज या देश से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कंग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए कहा, ''समाजवादी पार्टी सिर्फ सैफई (सपा अध्यक्ष का पैतृक गांव)का विकास करेगी, लेकिन वे आजमगढ़ को नहीं देखेंगे, उस आजमगढ़ को जिसने उन्हें हमेशा चुनाव जिताया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके लिए विकास सिर्फ उन्हीं तक सीमित है।''

योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आजमगढ़, मऊ, बलिया और जौनपुर कभी भी उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं थे। अगर होते, तो वे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण करवा लेते। वे महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनवा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। विकास उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं था। लेकिन भाजपा का एजेंडा 'राष्ट्र प्रथम'है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ और भाजपा के संस्थापकों ने जो भी सोचा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसे पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास हो रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि आजमगढ़ की पहचान को मान्यता मिल रही है।

उन्होंने कहा, ''पहले आज़मगढ़ के नाम पर लोगों को होटलों और धर्मशालाओं में कमरे नहीं मिलते थे। और आज जब आप आज़मगढ़ के नाम से जाते हैं, तो कोई आपको रोकेगा नहीं, कोई दखल नहीं देगा, बल्कि आपका स्वागत करेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार सम्मान दिलाने के लिए भी काम करती है। जब विकास बिना किसी भेदभाव के होता है, तो हमें उसका लाभ उसी रूप में देखने को मिलता है।''

विकसित भारत' के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है।'' इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान एवं श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीडीए के जवाब में ओवैसी का एमडीए

- सपा के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण के जवाब में ओवैसी का मुस्लिम दलित और आदिवासी समीकरण वाला दांव
- असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि हम मुस्लिमों के साथ अब उस वर्ग की भी बात करेंगे, जिसको कोई पूछने वाला नहीं

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक

लखनऊ। अब तक सिर्फ मुस्लिमों की आवाज उठाने वाले हैदराबादी भाईजान असदुद्दीन ओवैसी अचानक दलितों और आदिवासियों की भी बात करने लगे हैं। अभी वे पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव में बिजी हैं, पर वहीं से उन्होंने अपने इस समीकरण की बात शुरू कर दी है। हालांकि अभी भी उनकी राजनीति के केंद्र में मुसलमान ही हैं। उनकी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि यूपी आकर वे अपने इस एमडीए समीकरण को पूरी शिद्दत के साथ उठाएंगे। ऐसे में जानकार बताते हैं कि अगर ऐसा हो गया तो इससे समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को खतरा हो सकता है।

देश की राजनीति में मुसलमानों के नेता के रूप में पहचान बना रहे



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अखिलेश यादव के पीडीए के जवाब में एमडीए का फार्मूला दिया है। वे कहते हैं कि अब हम उनकी भी वकालत करेंगे जिनको कोई नहीं पूछता। उनका मानना है कि इस देश में मुसलमान, दलित और आदिवासियों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। यानी अब वे एक नया विनिंग समीकरण बनाने के लिए मुस्लिम, दलित और आदिवासियों के साथ नए राजनीतिक करना चाहते हैं। यूपी में तीनों की आबादी कुल मिलाकर लगभग 40% है। उन्होंने पार्टी में गैर मुस्लिमों को भी पदाधिकारी बनाया है। और अब उन्हें लगता है कि यूपी में अगर मुसलमानों के साथ दलित और आदिवासियों का साथ मिल जाए तो एक विनिंग समीकरण बनाया जा सकता है। इसीलिए वे पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव प्रचार के दौरान ही अपने इस समीकरण का संकेत दे चुके हैं। इसी कारण उनके भाषणों में अब मुसलमानों के साथ दलित, आदिवासी भी सुनाई देने लगे हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि यूपी आते-आते ओवैसी का एमडीए समीकरण शबाब पर आ जाएगा।

राजनीति के जानकार बताते हैं कि वैसे तो उनके निशाने पर हमेशा भाजपा या फिर कंग्रेस रहती है। लेकिन अब ऐसा लगता है कि यूपी में उनकी आलोचना के केंद्र में सपा और बसपा ही अधिक रहने वाले हैं। शायद इसीलिए उनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली मेरठ में जोश में यह बात कह गए कि जिन्होंने मुसलमानों का वोट लिया और उनकी 111 सीटें आईं, उन्होंने मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया है। और अगर आप हमें सिर्फ 11 सीटें ही दे दें तो हम एनकाउंटर करने वालों का ही एनकाउंटर कर देंगे। हालांकि यह बयान देकर हाजी शौकत अली फंस गए हैं और पुलिस के पचड़े में पड़ गए हैं। लेकिन शौकत अली का ये बयान इस बात का साफ इशारा है कि पार्टी के निशाने पर समाजवादी पार्टी अधिक रहने वाली है। वैसे भी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वोटों पर अभी तक सपा का अधिकांश कब्जा है।

जहां तक समाजवादी पार्टी का सवाल है तो उसके पीडीए समीकरण में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक आते हैं। और शायद इसी के जवाब में असदुद्दीन ओवैसी ने एमडीए का फार्मूला दिया है। ओवैसी की गणित है कि उत्तर प्रदेश के 19 फीसदी मुसलमान, 20 फीसदी दलित और लगभग एक फीसदी आदिवासी मिल जाएं तो एक विनिंग समीकरण तैयार हो सकता है। तीनों मिलकर यूपी की कुल आबादी का लगभग 40% होते हैं। ऐसे में ये देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि पश्चिम बंगाल से खाली होकर ओवैसी उत्तर प्रदेश में कितनी शिद्दत के साथ सक्रिय होते हैं, और उनके आने से किसको अधिक नुकसान पहुंचाने वाला है। जहां तक अभी तक के समीकरणों का सवाल है तो अभी यूपी में अधिकांश मुसलमानों का वोट शेयर समाजवादी पार्टी और दलितों और आदिवासियों का अधिकांश वोट शेयर बहुजन समाज पार्टी को मिलता रहा है। वैसे दलित और आदिवासी वोटों पर भारतीय जनता पार्टी भी दावा ठोकती रहती है।

एआईएमआईएम के सूत्रों का कहना है कि ओवैसी अब सिर्फ एक ही धर्म के नेता नहीं बने रहना चाहते हैं, वे अपना राजनीतिक कैनवस बड़ा करने की कोशिश में हैं। इसीलिए वे दलितों और आदिवासियों को खुश करने के लिए यह आरोप लगाते हैं कि यूजीसी के नए रेगुलेशन का विरोध संघ के इशारे पर किया गया है। उनका आरोप है कि आरएसएस ने ही सवर्णों को आंदोलन के लिए उकसाया है। उनके अनुसार पूरा संघ परिवार दलित और आदिवासी विरोधी है। अर्थात कुल मिलाकर पटकथा तैयार है, और उसके हिसाब से डायलॉग डिलीवरी होनी बाकी है।

## दिल्ली विधानसभा का बैरियर तोड़कर घुसी कार, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक कार गेट नंबर-2 के बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। इस घटना के कुछ ही घंटों के भीतर दिल्ली पुलिस ने ड्राइवर समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से कार भी बरामद कर ली गयी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार मुख्य आरोपित की पहचान सरबजीत के रूप में हुई है। उसके नाम पर ही टाटा सिएरा कार (नंबर यूपी-26 एजेड 8090) रजिस्टर्ड है। आरोपितों को दिल्ली के रूप नगर इलाके से पकड़ा गया।

## यूपी बना 35 हजार करोड़ से अधिक सरप्लस वाला राज्य : सुरेश खन्ना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की नई ऊंचाइयों को छू रही है, जिसका स्पष्ट असर प्रदेश के राजस्व आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। मार्च 2026 में राजस्व संग्रह में 1020 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,228 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है।

सोमवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार



खन्ना ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर ताजा आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कर एवं करेत्तर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है, जो न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है बल्कि विकास कार्यों को गति देने के लिए भी सरकार को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करा रही है। ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि राज्य अब 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ देश के अग्रणी वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्यों में शामिल हो चुका है। वित्त मंत्री ने बताया कि मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में प्रदेश के मुख्य कर एवं करेत्तर राजस्व में 1020.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## करंट हादसे में बिजली विभाग की सख्त जिम्मेदारी

- मुआवजा के लिए विभाग की लापरवाही साबित करना जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि करंट लगने (इलेक्ट्रोक्यूशन) के मामलों में बिजली विभाग की सख्त जिम्मेदारी तय होती है और पीड़ित को मुआवजा पाने के लिए विभाग की लापरवाही साबित करने की आवश्यकता नहीं है।

जस्टिस संदीप जैन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में सख्त जिम्मेदारी का सिद्धांत लागू होता है और



वादी को यह साबित करने की जरूरत नहीं कि बिजली लाइन के रख-रखाव में विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही थी। उसे केवल यह साबित करना है कि उसे करंट से चोट लगी। हाईकोर्ट ने यह आदेश उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की प्रथम अपील को खारिज करते हुए दिया है।

मामला एक मजदूर से जुड़ा था, जो उस समय गंभीर रूप से घायल हो गया, जब एक जिंदा हाई वोल्टेज तार उसके ऊपर गिर गया। इस हादसे के कारण मजदूर मोहम्मद निसार उर्फ बड़े लाला को गैंगरीन हो गया और उसका हाथ काटना पड़ा। उसने 65 प्रतिशत स्थायी विकलांगता का दावा करते हुए करीब 6.80 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी। ट्रायल कोर्ट एडीजे पीलीभीत ने पाया कि तार गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी आय लगभग 200 रुपये प्रतिदिन थी। इस आधार पर अदालत ने 4 लाख रुपये मुआवजा और 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया।इस फैसले को चुनौती देते हुए बिजली निगम ने दलील दी कि घटना को साबित करने का भार वादी पर है और हाईटेंशन तार टूटने पर बिजली स्वतः बंद हो जाती है। इसलिए करंट लगने का सवाल नहीं उठता। साथ ही यह भी कहा गया कि वादी ने मेडिकल खर्च से जुड़े पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए और मुआवजा अधिक है। हाइकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला दिया। जिनमें कहा गया कि ऐसे मामलों में बिजली विभाग को स्वतः जिम्मेदार माना जाता है और पीड़ित को लापरवाही साबित करने की आवश्यकता नहीं होती।

# उप्र में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान, अब तक एक करोड़ 72 लाख किसान जुड़े

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब तक एक करोड़ 72 लाख छह हजार 355 किसान फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ गए हैं। इन्हें पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप्र की योगी सरकार फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए विशेष अभियान चलाएगी। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शेष कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ नाम संबंधी त्रुटियों का भी तत्काल निराकरण किया जाए। इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत के कम से कम एक शिविर में उपस्थित रहने को कहा गया। सभी ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, ताकि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दें और मौके पर ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराएं। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में एक करोड़ 72 लाख छह हजार 355 किसानों को पीएम किसान योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है। ये वे किसान हैं जिन्हें पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। हालांकि, अभी भी बड़ी संख्या में किसान ऐसे हैं, जिनका पंजीकरण बाकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। कृषि विभाग का कहना है कि 15 मई के बाद उन्हीं किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा जिनका फार्मर रजिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन है। उल्लेखनीय है कि उप्र सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक डिजिटल पोर्टल यूपी फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की है। इस पहल से न केवल किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, बल्कि भविष्य में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी पारदर्शिता और तेजी आएगी। साथ ही, किसानों को समय पर आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी यह रजिस्ट्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को मिशन मोड में चलाया जाए और तय समयसीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।



# यूपी के युवाओं का ड्रोन बनेगा सेना के लिए गेमचेंजर -500 किमी रेंज, एआई बेस्ड सिस्टम और कम लागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की मिसाल राजधानी लखनऊ में देखने को मिली, जहां एक प्राइवेट स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित की है। तीन युवा उद्यमियों- पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित कंपनी हॉवरिट ने दिव्यास्त्र एमके-1 नाम का एडवांस यूएवी तैयार किया है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ-साथ सटीक हमले करने में सक्षम है।

इस ड्रोन की प्रमुख खासियत इसकी 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम है। यह 10,000 फीट तक उड़ सकता है और करीब 15 किलोग्राम तक पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के मामले में भी यह बाजार के अन्य विकल्पों से काफी सस्ता बताया जा रहा है। स्टार्टअप के संस्थापकों ने बताया कि प्रदेश में बेहतर नीतियों और डिफेंस कॉरिडोर जैसी योजनाओं के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिला। यही कारण है कि आज यह कंपनी भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और उसे शुरुआती ऑर्डर भी मिल चुके हैं। आने वाले समय में कंपनी एमके-2 वर्जन पर भी काम कर रही है, जिसकी रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए यूपी डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां हर महीने 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

यही नहीं, कंपनी ने डिफेंस सेक्टर के लिए कई तरह के ड्रोन और यूएवी विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए आंख ड्रोन, 20 किलोग्राम तक पेलोड ले जाने वाला बाज ड्रोन, शेल (बम) गिराने वाले ड्रोन, वीटीओएल यूएवी (जो बिना रनवे के उड़ान भरते हैं) शामिल हैं। इसके अलावा ये कंपनी डिकॉय ड्रोन (दुश्मन को भ्रमित करने के लिए) और आईएसआर (इंटेलिजेंस, सर्विलांस, रिकॉन) यूएवी भी बना रही है, जिससे यह साफ होता है कि यह स्टार्टअप सिर्फ एक ड्रोन नहीं बल्कि निगरानी, सप्लाई और स्ट्राइक तीनों के लिए एक पूरा ड्रोन सिस्टम तैयार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि अब युद्धों में तकनीक की भूमिका निर्णायक हो गई है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के युवाओं द्वारा विकसित यह इनोवेशन न सिर्फ राज्य की बदली हुई छवि को दर्शाता है, बल्कि देश की सुरक्षा को भी नई मजबूती देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक शिक्षकों का प्रदर्शन, बोले-चयन आयोग ने हमें असुरक्षित किया

लखनऊ। शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के बाद जब शिक्षा सेवा चयन आयोग बना तो उसने हम शिक्षकों की सुरक्षा छीन ली। अब विद्यालय के प्रबंधकों को हमारा शोषण करने की खुली छूट मिल गई है। वे झूठे आरोप लगाते हैं और सस्पेंड कर देते हैं। चयन बोर्ड से आयोग बनने के बाद हमारी सुरक्षा के नियम हट गए। आयोग ने हमें असुरक्षित किया। सरकार इन नियमों को जोड़े, नहीं तो हमारी नौकरी और सामाजिक जीवन खतरे में होगा। यह कहना है माध्यमिक शिक्षकों का। वे सोमवार को लखनऊ के इको गार्डन में करीब 700 की संख्या में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के बैनर तले इकट्ठा हुए। प्रदेशभर से आए शिक्षकों ने चयन आयोग के नियमों में शिक्षकों की सुरक्षा की धारा जुड़वाने के साथ 25 अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने बताया कि 2023 में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक सेवा चयन आयोग ने इस धारा को डिलीट कर दिया जो शिक्षकों की लाइफलाइन हुआ करती थी। इस धारा के खत्म होने से पूरे प्रदेश में शिक्षक प्रभावित हो रहा है। जब तक यह धारा अस्तित्व में थी कोई भी शिक्षक के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर सकता था। अनावश्यक उसके ऊपर दबाव नहीं बना सकता था। इसके खत्म हो जाने से प्रबंधन जैसे चाहते हैं वैसे मनमानी करते हैं शिक्षको के ऊपर फर्जी कार्रवाई करते हैं। निराधार आरोप लगाते हैं, उन्हें अनावश्यक परेशान करते हैं। इसलिए हम सेवा सुरक्षा धारा को लागू करने की लड़ाई मुखर हो कर लड़ रहे हैं। चेतावनी दी की शिक्षक अब चुप नहीं बैठेगा, क्योकि सरकार हमें लगातार नजरअंदाज कर रही है, जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है। सोहन लाल वर्मा ने कहा कि प्रदेश भर के हजारों शिक्षक पौने दो साल से सेवा सुरक्षा की बहाली को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश सरकार अनदेखा कर रही है। उन्होंने बताया कि चयन बोर्ड अधिनियम 1982 के निष्क्रिय होने से सेवा सुरक्षा की धारा 21, पदोन्नति की धारा 12 एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य के तदर्थ पदोन्नति की धारा 18 रद्द हो गई है। संगठन के कई बार वार्ता के बावजूद सरकार ने इन धाराओं को नये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में नहीं जोड़ा है।

### मेट्रो स्टेशन पर महिला के बैग से मिले 53 कारतूस, पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र स्थित बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के दौरान एक महिला के बैग से भारी मात्रा में कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर ही महिला को गिरफ्तार कर लिया। रविवार देर रात करीब 11.59 बजे मेट्रो स्टेशन पर एक्स-रे मशीन से स्कैनिंग के दौरान एक काले रंग के बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। शक होने पर महिला सुरक्षा गार्ड ने बैग की तलाशी ली, जिसमें 35 जिंदा कारतूस (.303 बोर) क्लिप चार्जर के साथ मिले। इसके अलावा एक पर्स में 18 जिंदा कारतूस (9डड) और एक पन्नी में 9 खोखा कारतूस (9एमएम) व 1 खोखा कारतूस (.303 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम प्रतीभा पाल (43) निवासी तिवारीपुर, कानपुर नगर बताया, लेकिन वह कारतूस रखने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सकी। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि महिला इतने कारतूस कहां से लाई और उसका मकसद क्या था।

### रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़,सुबह से ही लगी लंबी कतार

**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज स्थित आईटीआई परिसर में सोमवार को रोजगार मेला लगा। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सुबह से ही पहुंच गए। मेले में मारुति कंपनी 500 पदों पर भर्ती करने के लिए पहुंची है। दोपहर एक बजे तक करीब 1400 से ज्यादा अभ्यर्थियों का रिटेन टेस्ट हुआ। इसमें सफल अभ्यर्थियों का कल इंटरव्यू होगा। इसके बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। आईटीआई अलीगंज के प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि मारुति के हरियाणा प्लांट में भर्ती के लिए आज रोजगार मेला चल रहा है। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सुबह से ही कैंपस पहुंच गए थे। कुल 500 पदों पर भर्ती होनी है। दो राउंड में भर्ती होगी।

# पानी, सड़क और साफ-सफाई की गंभीर समस्या को लेकर नगर निगम पर सपा विधायक ने दिया धरना

लखनऊ। लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा सोमवार को अपने पार्षदों और पार्टी नेताओं के साथ नगर निगम मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से पानी, सड़क और साफ-सफाई की गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन नगर निगम इन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा, जबकि जल कर में बढ़ोतरी कर दी गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने की बात की गई थी, लेकिन यहां स्मार्ट टैक्स लगाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल सपा पार्षद लता जायसवाल ने आरोप लगाया कि सरकार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है और सपा पार्षदों को पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्रों में पानी की भारी समस्या है, नालियां जाम हैं और सबमर्सिबल खराब पड़े हैं। वहीं पार्षद शबनम खान ने कहा कि सपा पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्षद निधि मिलने की बात केवल कागजों तक सीमित है और वास्तविकता में निधि उपलब्ध नहीं कराई जाती। इस दौरान विधायक और पार्षदों ने नगर निगम के सामने 11 सूत्रीय मांगें रखीं। इनमें खुले नालों को ढकने, जर्जर सड़कों की मरम्मत, खराब पानी टंकियों और ट्यूबवेल को ठीक कराने, स्ट्रीट लाइट लगाने, सीवर समस्या दूर करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने जैसी मांगें शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से अमेठी की पूनम ने सपनों को दिया आकार, बनी आत्मनिर्भर उद्यमी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जब इच्छाशक्ति मजबूत हो और सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो साधारण परिस्थितियां भी असाधारण सफलता की कहानी बन जाती हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है अमेठी जिले के गौरीगंज में रहने वाली पूनम की, जिन्होंने योगी सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ उठाकर अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया। पूनम ने अगस्त 2025 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आवेदन किया। शुरुआत में उन्हें इस योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन एक मित्र के माध्यम से उन्हें इस योजना का पता चला। उन्होंने हिम्मत दिखाई और आवेदन किया। दिसंबर 2025 में उन्हें 2.55 लाख रुपये की पहली वित्तीय सहायता मिली, जिसके बाद 1.70 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि उन्हें इंडियन बैंक से प्राप्त हुई। शेष पूंजी की व्यवस्था उन्होंने स्वयं की, जो उनके दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास को दर्शाता है। इस आर्थिक सहयोग के साथ पूनम ने अपने गांव में मुन्ना कैलाश ज्वेलर्स नाम से आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान गौरीगंज में शुरू की। शुरुआत आसान नहीं थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय गति पकड़ने लगा और ग्राहकों का भरोसा बढ़ने लगा। आज उनकी दुकान न केवल उनके परिवार की आय का मुख्य स्रोत बन चुकी है, बल्कि गांव में खास पहचान भी बना चुकी है। इस सफर में उनके पति भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। अब दोनों मिलकर व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह साझेदारी न केवल आर्थिक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि पारिवारिक सहयोग और विश्वास की मिसाल भी है। पूनम की कहानी यह दर्शाती है कि सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सही उपयोग करने पर ये आम लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने उन्हें सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी दिया। आज पूनम न केवल अपने परिवार का सहारा हैं, बल्कि अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि अगर अवसर मिले और उसे सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो हर सपना साकार हो सकता है।



### एयरटेल ने पूर्वी यूपी में 4300 से अधिक नई 5जी साइट के साथ अपने नेटवर्क का किया विस्तार

लखनऊ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने एक वर्ष में पूर्वी उत्तर प्रदेश में 4300 से अधिक नई 5जी साइट स्थापित करके अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। कंपनी बयान के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी 48 जिलों में यह विस्तार किया गया। प्रतिदिन औसतन 12 नई साइट जोड़ते हुए एयरटेल ने हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार किया। इससे ग्राहकों को काम, शिक्षा, मनोरंजन और डिजिटल भुगतान के लिए निरंतर एवं स्थिर सेवाएं मिलेंगी। भारती एयरटेल के पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित गुप्ता ने कहा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या और झांसी सहित सभी जिलों में ग्राहक इस विस्तारित नेटवर्क का सीधे लाभ उठाएंगे। इससे हाई-स्पीड 5जी सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे शहरी एवं ग्रामीण बाजारों में नागरिकों, छात्रों, सूक्ष्म उद्यमियों और सरकारी संस्थानों की दैनिक डिजिटल जरूरतों को पूरा करने में सुविधा मिलेगी।

# माँ गोमती जैसी पावन नदी का संरक्षण जनमानस और सरकार दोनों की जिम्मेदारी : वीरेंद्र जायसवाल



लखनऊ। माँ गोमती के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से 28 मार्च से पीलीभीत से शुरु हुई गोमती दर्शन यात्रा का रविवार शाम लखनऊ स्थित कुड़िया घाट पर समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि जैसे एक माँ अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार नदियाँ भी मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि माँ गोमती जैसी प्राचीन और पावन नदी का संरक्षण जनमानस और सरकार दोनों की समान जिम्मेदारी है। उन्होंने नदियों के किनारे प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी से अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया। यह यात्रा माँ गोमती के उद्गम स्थल माधव टांडा (जनपद पीलीभीत) से प्रारंभ होकर शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी एवं सीतापुर होते हुए लखनऊ के चंद्रिका देवी मंदिर पहुँची और कुड़िया घाट पर आकर सम्पन्न हुई। यात्रा के प्रथम चरण का नेतृत्व गोमती दर्शन के संयोजक एडवोकेट अनुराग पांडेय ने किया, जबकि संस्था की अध्यक्ष श्वेता सिंह ने सहयोग प्रदान किया। समापन समारोह का शुभारंभ माँ गोमती के विधिवत पूजन एवं हवन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में एडवोकेट अनुराग पांडेय एवं श्वेता सिंह उपस्थित रहे। इसके उपरांत आरजे प्रतीक के प्रस्तुत भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के क्षेत्र कार्यवाह, पूर्वी उत्तर प्रदेश वीरेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वनाथ खेमका (जल सेवक) एवं ललित कपूर ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। संस्था के संरक्षक अखिलेश मिश्रा ने यात्रा की सफलता पर सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ खेमका ने विश्वास व्यक्त किया कि माँ गोमती शीघ्र ही स्वच्छ एवं अविरल धारा के रूप में पुनः स्थापित होंगी। ललित कपूर ने कहा कि यह यात्रा अब जनजागरण का सशक्त माध्यम बन चुकी है। मुख्य वक्ता अशोक पांडेय ने कहा कि माँ गोमती रुहेलखंड, मध्यांचल एवं पूर्वांचल की जीवनरेखा है, अतः इसका संरक्षण प्रदेशवासियों के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर एडवोकेट अनुराग पांडेय ने यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जबकि संस्था की अध्यक्ष श्वेता सिंह ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

### वाहन ने महिला को कुचला, मौत,15 घंटे बाद भी शव की शिनाख्त नहीं

लखनऊ। राजधानी के सैरपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की पहचान सोमवार दोपहर 3 बजे तक भी नहीं हो पाई। यह घटना सीतापुर हाईवे पर रेवांता होटल के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, काफी प्रयासों के बावजूद महिला की पहचान नहीं हो सकी है। सैरपुर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके। पुलिस सोशल मीडिया की मदद लेकर महिला की शिनाख्त कर रही है।

# भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों के दर्द को किया बयां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट नें प्रेस क्लब लखनऊ में प्रेस से वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश और दिल्ली में बैठी सरकार को आज यहां प्रेस के माध्यम से किसानों की दर्द भरी दास्तां बताता हूं यदि दर्द को समझ लिया और उसपर अमल हो गया तो समझो किसानों के आंसू पुंछ जाएंगे और उनके बच्चे आपको दुआएं देंगे।

हर क्षेत्र में चतुर्मुखी विकास हो रहा है मगर किसान की बात करें तो वह कल भी बदहवास था और आज भी उसकी आर्थिक उन्नति का पहिया आखिर क्यों रुका है यह सरकार के लिए बहुत ही चिंतन व मनन का यक्ष विषय है। प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, बे मौसम हो रही बारिश से किसान टूट गया है उसका उत्पाद चौपट हो गया है सरकार मीडिया में केवल बयानवाजी न करके धरातल पर बीमा कंपनियों से साथ ही सरकार अपने स्तर से भी मुआवजा दे जिससे उनका भी जीवन सुचारु रूप से चल सके खेती के लिए किसान क्रेडिट कार्ड से धन को माफ करे या ब्याज मुक्त करने की घोषणा करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष नें कहा कि प्रदेश में पशु आश्रय स्थल पशु बध के कारण के रूप में न विकसित हो उन्हें सरकार किसान केंद्र के रूप में विकसित करें और उसमे किसान मित्रों को किसानों व गौ बंश के संरक्षण में नियुक्ति दे जनपद शाहजहांपुर में विगत 105दिन से लगातार किसान और कृषक दल के कार्यकर्त्ता गांव गांव सत्याग्रह कर रहे है कि उनकी फशल को छुट्टा पशु /गाय,सांड आदि चट कर रहे है लेकिन उन्हें पशु आश्रय स्थल तक ले जाना तो दूर पर वहाँ का जिला प्रशाशन सरकार को ही गलत सूचना दे रहा धान की खरीद में भी खूब अनियमितता हुई थी अब गेंहू की खरीद में भी अनियमितता होने की पूरी संभावना है लेकिन सरकार इन मुद्दों पर भी गंभीर नहीं झूंठी रिपोर्ट पर ही जीरो टारलेंस कीनीति मान लेती है। सरोज दीक्षित नें बताया कि प्रदेश भर में यदि किसान पराली जलाता है तो सेटेलाइट से देखकर जुर्माना वसूला जाता है लेकिन प्रदेश में ईंट भठ्ठा कोयले की जगह सरसों का भूषा, पेड़ की पत्ती का भूषा जलाकर। अधोमानक ईंट पकाई जा रही है जिसकी लाइफ बहुत कम है इससे प्रदूषण भी बहुत ज्यादा बढ़ रहा है लेकिन इस तरफ अभी तक न सेटेलाइट देख पायी न ही जीरो टारलेंस की नीति, आखिर किसान और पूँजीपति के बीच कानून में भेद क्यों,। चीनी मिलो,कारखानों, पेय जल कम्पनियों का अपविष्ट एवम प्रदूषित जल मानकों के विपरीत भूगर्व जल को प्रदूषित कर रहा है इससे मानव एवम पशु पक्षी के जीवन पर बुरा असर हो रहा फिर भी सरकार गंभीर नहीं। सरकार द्वारा घोषित क्रय केंद्रों पर किसानों का ही गेंहू क्रय किया जाये ऐसी नीति बनाई जाये जिससे जिस दिन किसान अपना गेंहू क्रय केंद्र पर लेकर जाये उसी दिन तुल जाये उसे अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े न ही दलालों के चुंगल में फंस सके इसके लिए सरकार ठोस नीति क्यों नहीं बना रही आंकड़े नहीं हकीकत किसान चाहता है। राष्ट्रीय महासचिव /प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रमोद यादव नें कहा कि प्रदेश में जातीय एवं सांप्रदायिक भेदभाव को बढ़ाया जा रहा है परंतु जनता के शिक्षा चिकित्सा रोजगार न्याय महंगाई भ्रष्टाचार शोषण एवं किसानों के हक जैसे गंभीर मुद्दों पर नजर अंदाज किया जा रहा है सर्व समाज को लेकर प्रदेश की खुशी के लिए शीघ्र ही भारतीय कृषक दल का पीडीएसए ( पिछड़ा दलितसवर्ण समाज अल्पसंख्यक आदिवासी न्याय रथ )पूरे प्रदेश में निकलेगा विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज प्रकाश चौहान ने कहा कि पूरे प्रदेश में सभी को न्याय मिले कानून का दुरुपयोग ना हो इसको लेकर के देश व प्रदेश भर में सभी तहसीलों तक विधि प्रकोष्ठ की इकाइयों को गठन कर जनता को न्याय दिलाने का काम किया जायेगा प्रदेश सचिव संजय शर्मा ने कहा किसानों नौजवानों के हित में भारतीय कृषक उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा है। राष्ट्रीय कवि वेद व्रत बाजपेई ने कहा ईमानदार किसान खेत में डटा है वहीं उसका बेटा सीमा पर डटा है,अगर नेताओं के बेटे सीमा पर होते तो देश फिर से गुलाम हो जाता।



# आंबेडकर जयंती की तैयारियों में जुटी सपा बूथ स्तर तक मनाने की बनी रणनीति

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी की बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 14 अप्रैल को बी आर अंबेडकर जयंती को बड़े स्तर पर मनाने की रणनीति तय की गई। बैठक में पार्टी नेताओं ने बूथ से लेकर लोकसभा स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया। बैठक का आयोजन इंदिरा नगर स्थित सपा सांसद आर के चौधरी के कार्यालय पर किया गया। इसमें सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके संघर्षों और विचारों को समाज तक पहुंचाने का अवसर है। बैठक में तय किया गया कि 14 अप्रैल को जयंती कार्यक्रम बूथ स्तर से लेकर विधानसभा और लोकसभा स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता पीडीए समाज के बीच जाकर बाबा साहब के विचारों और योगदान को साझा करेंगे। नेताओं ने इस दौरान सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरुण रावत ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज उठाती रही है। अंबेडकर वाहिनी के जरिए पार्टी युवाओं और विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए बाबा साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पार्टी की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू सुदर्शन ने कहा कि जयंती के अवसर पर पीडीए समाज को यह बताया जाएगा कि वर्तमान सरकार में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और दलित व ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर असर पड़ रहा है।

# नगर पालिका परिषद हरदोई के निर्दिष्ट सदस्यों को दिलाई गई शपथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**हरदोई।** पं0 दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शासन द्वारा निर्दिष्ट 04 सदस्यों को उप जिलाधिकारी सदर हरदोई द्वारा शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेमावती वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई, सुखसागर मिश्र 'मधुर' अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदोई, सभासद अमित त्रिवेदी 'रानू', अजय शर्मा, धर्मरूचि सिंह, जमील अहमद, हफीज अहमद, सभासद प्रतिनिधि प्रियम मिश्रा, मो0 अहमर आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी द्वारा निर्दिष्ट सदस्य रीना गुप्ता, अनूप सिंह 'मोनू', संतोष कुमार पटेल, विनोद कुमार धानुक को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात सुख सागर मिश्र मधुर ने शासन द्वारा निर्दिष्ट सदस्यों को बधाई देते हुये अपने उद्बोधन में कहा कि इनके द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा, एवं पालिका व जनहित में कार्य किया जायेगा। प्रेमावती वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सभी निर्दिष्ट सदस्य हरदोई नगर के विकास में उनके द्वारा सहयोग किया जायेगा। शपथ ग्रहण के पश्चात अधिशासी अधिकारी रामेन्द्र सिंह द्वारा आये हुये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर लेखा लिपिक विद्या भूषण सिंह, कमल किशोर, सन्तोष यादव, आशीष कुमार अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## दृष्टि सुरक्षा का सन्देशः अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग निवारण सप्ताह पर आयोजित हुआ कार्यक्रम




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग निवारण सप्ताह के अंतर्गत कोतवाली कछौना परिसर में स्थित बाल मित्र केंद्र पर कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ! कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दृष्टि दिव्यांग उपस्थित रहे! इस दौरान चुप्पी तोड़, हल्ला बोल के तत्वाधान में बाल मित्र केंद्र एवं ईस्ट इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी के संयुक्त प्रयास से नेत्र संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया!

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि समय-समय पर आंखों की जांच करते रहना चाहिए जिससे दृष्ट संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाकर उपचार कराया जा सके! उन्होंने विशेष कर बुजुर्गों और बच्चों की आंखों की जांच के पर जोर दिया! विशेषज्ञों ने बताया कि सही खानपान स्वच्छता और नियमित जांच के माध्यम से दृष्टि दिव्यांगता को काफी हद तक रोका जा सकता है! साथ ही लोगों से अपील की कि आंखों में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें!

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे बाल मित्र केंद्र कछौना के कोऑर्डिनेटर मृदुल अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे जनजागरूकता के कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया!

## हाईवे के किनारे खड़े ट्रक से नगदी व मोबाइल पार



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक हैरान कर देने वाला चोरी का मामला सामने आया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है, जिसमें ट्रक के अंदर ही चालक व हेल्पर सोते रहे और चोरों ने अपना काम बड़ी ही सफाई से कर दिया!

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के किनारे सूर्या धर्म कांटा के पास खड़े ट्रक से रात के अँधेरे में चोर नगदी व मोबाइल फोन ले उड़े! फर्रुखाबाद निवासी ट्रक ड्राइवर अटल ने बताया कि वह और हेल्पर अनुज कटरा से मुर्गी दाना लेकर रविवार को हरदोई आए थे वहां सामान उतारने के बाद कछौना के धर्म कांटा पर लकड़ी लोड करने के लिए ट्रक को खड़ा किया था! जिसमें सोमवार की सुबह लकड़ी लोड होनी थी! रविवार की रात खाना खाकर ड्राइवर व हेल्पर ट्रक की केबिन में ही सो गए! दोनों की गहरी नींद का फायदा उठाकर चोरों ने ब्लेड से साइड के शीशे की रबड़ काटकर शीशा खोल लिया और ट्रक के अंदर दाखिल हो गए और ट्रक में भाड़े के रखे रूपये 40000 नगद व दोनों के मोबाइल फोन चुरा ले गए! सोमवार की सुबह जब ट्रक ड्राइवर की नींद खुली तो उसने ट्रक की खिड़की खुली देखी तो उसके होश उड़ गए! उसने तुरंत रैक चेक किया तो उसमे से नगदी और दोनों के मोबाइल फोन गायब मिले! ट्रक के अंदर ब्लेड और बाहर खुला हुआ शीशा पड़ा था! जिसकी सूचना ट्रक चालक ने कोतवाली कछौना को दे दी है! जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर लिया है और मामले की दोनों पहलुओं से जांच कर रही है! अभी कुछ दिनों पूर्व भी इसी हाईवे के किनारे कुछ ही दूरी पर एक निर्माणाधीन मकान से चोरों ने जनरेटर चोरी कर लिया था जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है! घटना से पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल उठ रहे हैं! लोगों का कहना है कि क्या पुलिस गस्त सिर्फकागजों तक ही सीमित है या हाईवे की सुरक्षा अब भगवान भरोसे रह गई है?

### सोलह वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने क्षेत्र के ही एक युवक पर पुत्री को बहला.फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### बहनाई और परिजनों ने लाठी डण्डो से किया हमला

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बहन के घर घरेलू विवाद सुलझाने गए एक युवक पर उसके बहनोई और परिजनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बिलग्राम के अतरक्षाखुर्द निवासी अरुण कुमार ने बताया कि उसकी बहन क्रान्ति के साथ उसका पति रूपेन्द्र अक्सर मारपीट करता था। सूचना मिलने पर अरुण अपने पिता के साथ ग्राम लमकन पहुँचा। आरोप है कि समझाने.बुझाने के दौरान बहनोई रूपेन्द्र, उसके भाई विशाल समेत चार लोगों ने लाठी-डंडों से अरुण की पिटाई कर दी। हमले में अरुण के सिर पर चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार पंकज ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)**
**श्रीमान् उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय, हरदोई**

ता0 पेशीः 09.04.2026 ई0
वाद अ0 धारा-116 उ0प्र0रा0
आराजी ग्राम रारा पर0 गोपामऊ, तहसील व जिला-हरदोई

| | | |
|---|---|---|
| व अदालत | मुकाम | |
| मुकदमा नं0 | सन् 2025 | ई0 |
| राजेश कुमार अंजू बाजपेयी | बनाम | अचल त्रिपाठी आदि |
| हरगाह मुशम्मी वादिनी | मै दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि | |

1. अचल त्रिपाठी आयु करीब 22 वर्ष, 2. अनमोल त्रिपाठी आयु करीब 20 वर्ष पुत्रगण अजयवेन्द्र त्रिपाठी, निवासी-ग्राम भज्जापुरवा मजरा रारा, पर0 गोपामऊ, तहसील व जिला हरदोई, 3. अनीता त्रिपाठी पत्नी सुधीर कुमार नि0- मं0नं0-79/939 मान0 कांशीराम कालोनी पर0 बंगर तहसील व जिला-हरदोई, 4. कमलाकान्त आयु 35 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार बाजपेयी 5. रजनीकान्त आयु 32 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार बाजपेयी, 6. प्रदीप कुमार आयु करीब 45 वर्ष पुत्र राम सहाय, 7. राजवेन्द्र आयु करीब 34 वर्ष पुत्र विजय कुमार, 8. विवेक कुमार आयु करीब 25 वर्ष पुत्र विजय कुमार, 9. श्रीमती देवती आयु करीब 70 वर्ष पत्नी विजय कुमार, 10. श्रीमती सरस्वती आयु करीब 72 वर्ष पत्नी राम कुमार, 11. श्रीमती रीता आयु करीब 55 वर्ष पुत्री स्व0 रामपाल, 12. सर्वेन्द्र कुमार आयु करीब 52 वर्ष पुत्र रामपाल, 13.सुशील कुमार आयु करीब 65 वर्ष पुत्र उरामपाल, 14. ग्राम पंचायत रारा द्वारा अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम रारा परगना-गोपामऊ तहसील व जिला- हरदोई।,

15. सरकारी उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 09 माह सन् 2026 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाईये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गेर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 06 माह 04 सन् 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक)
हरदोई।

## युवतियों को दिया जायेगा ब्यूटी पार्लर का निःशुल्क प्रशिक्षण

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** निदेशक आरसेटी विक्रांत ओझा ने बताया है कि बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जनपद के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बेरोजगार युवतियों के स्वरोजगार स्थापना हेतु ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आवास तथा भोजन की सुविधा पूर्णतया निःशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे, बिजनेस प्लान, उद्यमिता विकास, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा बैंकिंग की जानकारी भी प्रदान की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र संपर्क करें, सीट सीमित है। आवश्यक दस्तावेज:- आधार कार्ड, हाईस्कूल मार्कशीट, स्वयं सहायता समूह/ राशन कार्ड/मनरेगा कार्ड/की फोटो कापी तथा 4 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो। संपर्क सूत्रः- 7379969627, 9044801001, 9140650306, 8127520102, 7572064711 पता निकट राजकीय पालीटेक्निक, बावन रोड, तत्योरा हरदोई।

## मल्लावां कस्बे के गौरी शंकर मंदिर के मुख्य पुजारी दंडी स्वामी का निधन

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे स्थित गौरी शंकर मंदिर के



महंत दंडी स्वामी श्री कपिल स्वरूप ब्रह्मचारी जी का निधन लंबी बीमारी के चलते 95 वर्ष की उम्र में सुबह निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दंडी स्वामी कपिल स्वरूप ब्रह्मचारी मूलरूप से बांदा जिले के मुरवल गांव के रहने वाले थे। वह 37 वर्ष की उम्र में घर छोड़ कर मल्लावां आकर भगवान गौरीशंकर की सेवा में लग गए। सोमवार को निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। आज शाम को उनके पार्थिव शरीर को समाधि दे दी गयी जहाँ पर सैकड़ो श्रद्धालुओं की आँखे नम हो गयी और श्यामपुर स्थित गौरी शंकर मंदिर में भाजपा नेता राजेश पाठक विकास पाठक मनोज अग्निहोत्री प्रकाश चंद्र गुप्ता मुरारी मिश्रा सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

**भरावन ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अतरौली थाना क्षेत्र में अतरौली-भटपुर रोड पर चमका गांव से पहले रविवार की देर रात डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार एक ही गांव के दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी।

- **मेला देखकर देर रात वापस जा रहे थे घर**
- **गांव से 500 मीटर पहले अतरौली भटपुर रोड पर हुआ हादसा**

दोनों घरों में कोहराम मच गया। दोनों पड़ोस में बाड़िल बाबा का मेला देखकर एक साथ वापस घर जा रहे थे और घर से 500 मीटर पहले हादसा हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम चमका मजरा सिकंदरपुर निवासी रामलखन ने बताया कि रविवार की शाम 4 बजे मेरा भाई बाबू और गांव का ही उसका दोस्त करुणा शंकर उर्फ करन भरावन स्थित बाड़िल बाबा स्थान पर मेला देखने गये थे। मेला देखकर रात 10:30 बजे दोनों एक बाइक ही पर वापस घर हां रहे थे। रास्ते में भटपुर रोड पर गांव से 500 मीटर पहले पेट्रोल पंप के पास एक डीसीएम सामने से टक्कर मारकर भाग गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार बाबू और करन दोनों के सिर फट गये। सूचना पाकर तमाम गांव वाले और परिजन मौके पर पहुंच गये। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने खून लतपथ दोनों को सीएचसी भरावन पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी मेमों पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नशेड़ी किशोर ने रोकी शिक्षिका की साइकिल, हाथ पकड़कर की बदतमीजी

**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेनीगंज के खजहा पुल पर सरे राह अस्मत पर हाथ, शोर मचाने पर भाग निकले गुंडे! पढ़ाने आओगी तो जान से मार देंगे। गुंडों ने शिक्षिका को दी खूनी धमकी। एक तरफ सूबे में श्मिशन शक्तिश् के डंके बज रहे हैं, तो दूसरी तरफशराब के नशे में धुत्त दबंगों ने एक शिक्षिका की अस्मत को सरेबाज़ार चुनौती दे डाली। घटना 27 मार्च 2026 की दोपहर की है। बेनीगंज के एक गांव के प्राथमिक विद्यालय की एक




शिक्षिका, जो बच्चों का भविष्य संवारने के लिए अपनी साइकिल से स्कूल जा रही थी, उसे क्या पता था कि खजहा पुल के पास साक्षात यमराज के गुंडे उसका रास्ता रोके खड़े हैं। पीड़िता का आरोप है कि गांव का ही बदनाम शराबी किशोर अपने अज्ञात खूंखार साथियों के साथ सड़क के बीचों-बीच दीवार बनकर खड़ा हो गया। इन दरिंदों ने न केवल शिक्षिका की साइकिल रोकी बल्कि बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर खींचने लगे। सरेराह एक महिला की गरिमा को तार-तार करने की कोशिश की गई। शिक्षिका का कहना है कि आरोपी किशोर आए दिन शराब के नशे में उसे गंदी-गंदी गालियां देता है और अभद्र टिप्पणियां करता है। हद तो तब हो गई जब बीच सड़क पर इन भेड़ियों ने उसे घेर लिया। शिक्षिका के शोर मचाने पर जब राहगीर फरिश्ता बनकर पहुंचे, तो आरोपी भाग निकले। लेकिन भागते-भागते एक रुह कंपा देने वाली धमकी दे गए। अगली बार कोई बचाने नहीं आएगा, सीधे ऊपर पहुंचा देंगे! बेनीगंज पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन सवाल वही है क्या शिक्षिका अब स्कूल जाने से डरेगी? क्या पुलिस इन नशेड़ी गुंडों के हौसले पस्त कर पाएगी। इलाके में इस घटना को लेकर जबरदस्त उबाल है। वहीं उपरोक्त मामले को लेकर स्थानीय पुलिस की मानें तो जांच की जा रही है

# बच्चों में यौन उत्पीड़न के दूरगामी कुप्रभावों पर हुई विस्तार से चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में महिला कल्याण विभाग हरदोई के सौजन्य से कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवी संस्था समाधान की डायरेक्टर सौम्या द्विवेदी ने बच्चों में यौन उत्पीड़न के दूरगामी कुप्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। महिला कल्याण विभाग की डीएमसी प्रियंका पांडे ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकने हेतु गठित कमेटी व शी बॉक्स के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चों व महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित सरकारी आर्थिक सहायता व सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रो0 निखिलेश शरण ने छात्राओं के जागरुक रहने व किसी भी प्रकार के उत्पीड़न पर तुरन्त रोकथाम का प्रयास करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजित आनन्दमणि ने किया। इस अवसर पर डॉ0 शैलजा शर्मा, डॉ0 दिलप्रीत कौर, डॉ0 नमिता त्रिपाठी व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## ओलावृष्टि और बारिश से गेहूँ की फसल चौपट, खेतों में देखने को मिला चटाई जैसा नजारा



खेतों में बिछी गेहूँ की फसल — फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** रविवार को रात्रि में हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने गेहूं की फसल को पूरी तरह से चौपट कर दिया है। खेतों में गेहूं की फसल चटाई की तरह बिछ गई जिससे किसान काफी परेशान है। कटाई के दौरान बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों को पूरी तरह से आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया। रविवार को रात्रि में 07:30 बजे से मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊपर से ओलावृष्टि किसानों के लिए मुसीबत बनकर आई। ओलावृष्टि और तेज पानी के कारण किसानों का गेहूं खेतों में चटाई की तरह बिछ गया। फोटो में स्पष्ट रूप से खेतों में गिरा हुआ गेहूं दिखाई दे रहा है। शाहाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था लेकिन रात्रिकालीन बारिश और ओला वृष्टि ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। बारिश इतनी तेज थी कि दूसरे दिन भी खेतों में जल भराव का नजारा देखने को मिला और इस जल भराव में गेहूं की फसल गिरी हुई दिखाई दी। फसल देखकर किसान काफी परेशान है। एक अनुमान के अनुसार इस बार गेहूं कटाई के समय किसानों को बारिश से हुई क्षति के कारण काफी नुकसान होने की उम्मीद की जा रही है। अधिकांश किसानों का मानना है कि उनकी पूरी मेहनत चौपट हो गई। बीज और सिंचाई के पैसे भी निकालना मुश्किल हो जाएगा।

### तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचे




के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माणएबिक्री और परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उपनिरीक्षक मोहम्मद अमजद द्वारा मुखबिर की सूचना पर बागेश सिंह पुत्र राजपाल निवासी ग्राम सिरदार नगर को एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### दुकानों का सामान फेंकने वाले दहशतगर्दो पर लूटपाट का केस दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नवीन मंडी के निकट दुकानों पर दहशत फैलाकर कब्जा करने वाले दहशतगर्दो के विरुद्ध लूटपाट का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रविवार को दोपहर बारह बजे हमलावरों ने दुकानों में तोड़फोड़ कर लूटपाट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त कर पांच दहशतगर्दो को नामजद करते हुए महिलाओं सहित करीब पचास अज्ञात लोगों के विरुद्ध लूटपाट और तोड़फोड़ का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बुद्ध बाजार निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के अनुसार मंडी के निकट उनकी गुप्ता फर्टिलाइजर की दुकान है पड़ोस में अविनाश श्रीवास्तव की किराना और उनके भाई कृष्ण कांत की पशु आहार की दुकान है। रविवार को तीनो दुकानों पर कब्ज़ा करने की नीयत से मोहल्ला वाजिद खेल निवासी जाहिर पुत्र क़ासिम रजा अपने भाई हारिस, सलमान उर्फ़ लकी पुत्र भोले निवासी गिलजई, तारिक पुत्र कल्लन निवासी महुआटोला, इमरान पुत्र बाबू निवासी मुजागढ़ सहित करीब साठ लोग लाठी, डंडा, सरिया लोहे की रॉड लेकर उनकी दुकानों पर आ गए जिनमें दस महिलाएं भी शामिल थीं, कब्ज़ा करने की नीयत से दुकानों का सामान सड़क पर फेकना शुरू कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई और दहशत व्याप्त हो गई। आरोपियों ने तीनो दुकानों के कागज और गोलक में रखी अलग-अलग लगभग दस हजार रूपए की नगदी लूट ली। अन्य दुकानदारों ने विरोध किया तो जाहिर और हारिस ने दबंगई दिखाते हुए उन्हें धमका कर भगा दिया। पुलिस को जानकारी मिली तो पुलिस सायरन बजाते हुए घटनास्थल पर पहुंची। तब तक दहशतगर्द फरार हो चुके थे। घटना में पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

- **पांच नामजद सहित पचास अज्ञात पर हुई कार्रवाई**

### हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से किशोर झुलसा

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के सतौथा गांव में सोमवार को हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन.फानन में किशोर को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं।

जानकारी के अनुसारए सतौथा गांव निवासी छोटेभैया का 14 वर्षीय पुत्र अनुराग सोमवार दोपहर बाद गांव के बाहर खड़ी बेरी के पेड़ पर चढ़कर बेर तोड़ रहा था। उसी समय बेरी के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में अचानक बिजली आ गईए जिससे अनुराग करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अनुराग को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सक अजीत मणि नीलम ने बताया कि किशोर झुलसा जरूर है, लेकिन समय पर इलाज मिलने के कारण उसकी जान बच गई। फिलहाल अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै दिव्यांशी पाण्डेय उर्फ प्रान्शी देवी पुत्री श्री सुधीर कुमार पाण्डेय, पताः-ग्राम लालपुर मजरा लालपालपुर ब्लाक सुरसा थाना कोतवाली शहर, तहसील व जिला-हरदोई की निवासिनी हूँ। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा पॉलिसी संख्या-222713493 में मेरा नाम प्रान्शी देवी पुत्री सुधीर कुमार गलत अंकित हो गया है जबकि पालिसी धारक का सही नाम दिव्यांशी पाण्डेय पुत्री सुधीर कुमार पाण्डेय है। जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक व मार्कशीट में सही नाम दिव्यांशी पाण्डेय अंकित है। बीमा पॉलिसी में मेरा नाम सही अकित करना आवश्यक है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै रामचेला 46 वर्ष पुत्र श्री रामसहाय, पताः- ग्राम-केवलपुर थाना पाली, तहसील शाहाबाद व जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरा मझिला पुत्र अक्षय कुमार अत्यधिक शराब का आदी है, जिसका चाल-चलन व्यवहार ठीक नहीं है। आए दिन शराब पीकर घर परिवार व समाज में बेवजह ही झगड़ा-फसाद करता रहता है। वह अत्यधिक शराब के नशे में किसी भी अप्रिय घटना को कारित कर सकता है। मैने सचेत व संज्ञान दशा में अपने पुत्र अक्षय कुमार से पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर दिए है और अपने मझिले पुत्र अक्षय कुमार को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब भविष्य में मेरे मझिले पुत्र अक्षय कुमार द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

# भ्रष्टाचार पर नकेल कस बालेन नई छवि बनाने की कोशिश में

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफ़ेदपोश अपराधियों के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ी हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी। यद्यपि भारतीय राजदुत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही, फिर भी इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाले जाने लाजिमी हैं। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव में भारत ने नेपाल को भारतीय 800 करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई थी। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के.पी. शर्मा ओली, रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व ऊर्ज़ा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कंग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पी.एम. प्रचंड और पूर्व पी.एम. बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। पूर्व पी.एम. शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे, अब उनके थाइलैंड में होने की चर्चा है, शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ नेपाली नेता भारत में छुपे हैं। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के बीच मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसायी की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट-खसूट करने वाले सफ़ेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी की जो पृष्ठभूमि सामने आई है वह काफी चौंकाने वाली है। यह कि नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक हैं। नेपाली कंग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा के रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कंग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली गई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इनमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वह प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्तारूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वह नेपाली कंग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट ने अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली के लुटियंस जोन की तरह चच्चत राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने-बिगाडने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब 2 अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। सी.बी.आई. के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफ़ेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई।

**भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही, फिर भी इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाले जाने लाजिमी हैं। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव में भारत ने नेपाल को भारतीय 800 करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई थी। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के.पी. शर्मा ओली, रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व ऊर्ज़ा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं।**

# उत्तर प्रदेश के जातिवादी राजनैतिक दलों का बेनकाब होता चेहरा

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश में सभी राजनैतिक दलों ने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इन चुनावों की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा लगभग स्पष्ट है जबकि सपा, बसपा व कंग्रेस सहित अन्य सभी क्षेत्रीय दलों ने भी अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इनमें सपा और बसपा की चुनावी तैयारी कंग्रेस की तुलना में थोड़ा आगे है। लोकसभा चुनावो में प्राप्त बढ़त को बरकरार रखने के लिए सपा हर चुनावी हथकंडा अपनाते हुए तमाम समुदायों को अपने पीडीए में जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास कर रही है और अनेक योजनाओं की घोषणा भी कर रही है। यद्यपि प्रदेश में घटी कुछ आपराधिक घटनाओं ने समाजवादी पार्टी सहित सभी जातिवादी दलों का दोहरा चरित्र बेनकाब कर दिया है। प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले माघ मेले में तथाकथित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्यों और प्रशासन के मध्य हुई दुर्भाग्यपूर्ण खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सभी दल ब्राह्मण हितैषी बनकर भाजपा पर हमलावर थे इनका प्रयास था कि ब्राह्मण समाज येनकेन प्रकारेण भाजपा से नाराज होकर उनके पास आ जाए किंतु ऐसा अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि ब्राह्मण मतदाता सपा या किसी अन्य दल के साथ जा रहा है। इसके बाद फिल, ल्घूसखोर पंडतक्ष् के शीर्षक को लेकर भी प्रदेश में खूब राजनीति हुई, इसी बीच ब्राह्मण शब्द का उपयोग एक सरकारी परीक्षा के प्रश्नपत्र में गलत तरह से हो गया जिससे ब्राह्मण समाज में नाराजगी फ़ैलाने का प्रयास हुआ किंतु सतर्क भाजपा नेतृत्व ने फ़िलहाल इस नाराजगी को साध लिया है। कुछ भी करके चुनाव जीतने का प्रयास कर रही समाजवादी पार्टी हिंदू सनातन समाज को टुकड़ों - टुकड़ों में विभाजित कर, विभिन्न वर्गों में आपसी वैमनस्यता का भाव पैदा करके हिन्दू वोटों को बाँटने और मुस्लिम वोटों को साधने में लगी है। एक दिन समाजवादी नेता समाज के हर वर्ग को पीडीए की धारा से जोड़ने की बात करते हैं और दूसरे दिन ही ऐसी घटनाएं भी घट जाती हैं जिनके कारण उनकी असली मंशा बेनकाब हो जाती है और भाजपा को लाल टोपी वालों को सबसे बड़ा खतरा कहने का अवसर मिला जाता है। हरदोई जिले में समाजवादी नेता यदुनंदन वर्मा ने स्थनीय स्तर पर अपनी विकृत राजनीति चमकाने के लिए भगवान राम का आपत्तिजनक चरित्र चित्रण किया व माता कौशल्या के लिए भी आपत्तिजनक शब्द बोले जिसके लिए उनको जेल जाना पड़ा। जब वह जमानत पर बाहर आए तब भीम आर्मी व सपा के स्थानीय नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। समाजवादी पार्टी ने अपने नेता के उस रामद्रोही बयान की निंदा तक नहीं की। यह तथ्य भी सामने आया है कि यदुनंदन वर्मा ने करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। 1975 में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर जनता इंटर कालेज बना लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम और माता कौशल्या पर अश्लील टिप्पणी करने वाले वर्मा खुद को समाजसेवी, शिक्षाविद और गरीबों का मसीहा बताते हैं लेकिन उनकी सेवा की जड़ें सीधे सरकारी जमीन हड़पने में धंसी हुई हैं। जो व्यक्ति मंचो से गरीबों, दलितों और पिछड़ों की सेवा का दावा करते नहीं थकता उसने उसी शोषित समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है। गाजियाबाद में एक दलित हिंदू युवक ने एक मुस्लिम लड़की से प्रेम विवाह किया किंतु कुछ ही दिनों बाद जिहादी कट्टरपं थियों ने इस दलित हिंदू युवक की हत्या कर दी। यहां पर पीड़ित एक दलित हिंदू है किन्तु किसी भी दल ने उसके समर्थन में केवल इसलिए आवाज नहीं उठाई कि कहीं मुस्लिम वोट बैंक नाराज़ न हो जाए। वाराणसी में बीएचयू के हिंदी विभाग में एमए द्वितीय वर्ष के एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया। बीएचयू में एमएससी कर रहे हिमांशु यादव (समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष) ने एक अन्य छात्र की जाति पूछकर उसको कई थप्पड़ मारे और विरोध करने पर जाति सूचक गालियां भी दीं। विद्यार्थी परिषद व पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी हिमांशु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। समाजवादी नेता इस घटना की निंदा करने के बजाय आरोपी को बचाने का उपक्रम कर रहे हैं। यहां पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि अभी जो लोग ब्राह्मण समाज के लिए खड़े होने का ढोंग कर रहे थे जब उनकी अपनी ही पार्टी के नेता ने अकारण ही केवल ब्राह्मण होने के कारण एक छात्र को पीट दिया वह सब चुप्पी साध गए। प्रदेश में घटी उक्त तीनों ही घटनाएं समाजवादी पार्टी तथा उसके साथियों के दोहरे चरित्र को उजागर करती हैं। समाजवादी पार्टी प्रशांत किशोर जैसे रणनीतिकारों को साथ लेकर अपनी रणनीति को नई धार देना चाहती है। दलित आबादी को पार्टी से जोड़ने के लिए गांव -गांव में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाने जा रही है किन्तु यदि समाजवादी पार्टी अपने दोहरे चरित्र से मुक्त नहीं होती तो ये सारे प्रयास व्यर्थ रहेंगे।

**लोकसभा चुनावो में प्राप्त बढ़त को बरकरार रखने के लिए सपा हर चुनावी हथकंडा अपनाते हुए तमाम समुदायों को अपने पीडीए में जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास कर रही है और अनेक योजनाओं की घोषणा भी कर रही है। यद्यपि प्रदेश में घटी कुछ आपराधिक घटनाओं ने समाजवादी पार्टी सहित सभी जातिवादी दलों का दोहरा चरित्र बेनकाब कर दिया है। प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले माघ मेले में तथाकथित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्यों और प्रशासन के मध्य हुई दुर्भाग्यपूर्ण खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सभी दल ब्राह्मण हितैषी बनकर भाजपा पर हमलावर थे इनका प्रयास था कि ब्राह्मण समाज येनकेन प्रकारेण भाजपा से नाराज होकर उनके पास आ जाए किंतु ऐसा अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि ब्राह्मण मतदाता सपा या किसी अन्य दल के साथ जा रहा है। इसके बाद फिल, ल्घूसखोर पंडतक्ष् के शीर्षक को लेकर भी प्रदेश में खूब राजनीति हुई, इसी बीच ब्राह्मण शब्द का उपयोग एक सरकारी परीक्षा के प्रश्नपत्र में गलत तरह से हो गया जिससे ब्राह्मण समाज में नाराजगी फ़ैलाने का प्रयास हुआ किंतु सतर्क भाजपा नेतृत्व ने फ़िलहाल इस नाराजगी को साध लिया है। कुछ भी करके चुनाव जीतने का प्रयास कर रही समाजवादी पार्टी हिंदू सनातन समाज को टुकड़ों - टुकड़ों में विभाजित कर, विभिन्न वर्गों में आपसी वैमनस्यता का भाव पैदा करके हिन्दू वोटों को बाँटने और मुस्लिम वोटों को साधने में लगी है।**

# बीजेपी के स्थापना दिवस पर दिल्ली से लखनऊ तक भगवामय

संजय सक्सेना

बीजेपी के स्थापना दिवस ने पूरे देश और प्रदेश को भगवा रंग में रंग दिया। 6 अप्रैल को मनाए गए इस खास अवसर पर दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक भाजपाइयों का उत्साह सड़कों पर उतर आया। मंचों पर भाषणों की गूंज सुनाई दी, कार्यकर्ताओं के नारे हवा में गूंजे और भगवा झंडियां लहराईं। यह दिन सिर्फ पार्टी का जश्न था, बल्कि आने वाले समय के लिए एक नई ऊर्ज़ा का संचार करने वाला पल साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भव्य बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के 47 वर्षों के सफर को बारीकी से बयान किया। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी ने शुरुआती दिनों में किन-किन चुनौतियों का सामना किया। इंदिरा गांधी के आपातकाल के दौर में जब लोकतंत्र कुचला जा रहा था, तब भाजपा के संस्थापकों ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और अन्य नेताओं के नेतृत्व में संघर्ष की राह चुनी। मोदी ने कहा कि आपातकाल के बाद 1980 में स्थापित हुई भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया। वे बोले कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रवाद, राम मंदिर निर्माण और एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांतों पर डटी रही। चुनौतियों में आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और कंग्रेस की एकछत्र सत्ता शामिल थी। लेकिन भाजपा ने जनता के बीच जाकर अपनी बात रखी। मोदी ने पुराने नेताओं के किस्से सुनाए। उन्होंने अटल जी की कविता और वाक्पटुता का जिक्र किया, जो सदन में विपक्ष को चुप करा देती थी। आडवाणी जी की राम रथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। इन किस्सों से कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। मोदी ने कंग्रेस के पतन के कारणों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि कंग्रेस ने नेहरू युग से ही परिवारवाद को बढ़ावा दिया। इंदिरा गांधी के समय आपातकाल ने लोकतंत्र को कुचल दिया, जिससे जनता का भरोसा टूटा। राजीव गांधी के दौर में बोफोर्स घोटाले ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। उसके बाद पीवी नरसिम्हा राव और फिर सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकारों में महंगाई, भ्रष्टाचार और आतंकवाद ने देश को जकड़ लिया। 2जी, कोलगेट और कमलनाथ जैसे घोटालों ने कंग्रेस को बदनाम कर दिया। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि कंग्रेस ने वादे तो किए, लेकिन पूरा करने की बजाय देश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। दूसरी तरफ भाजपा का उभार इन कमियों को भरने वाला साबित हुआ। 1998 में अटल जी की सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर देश को मजबूत बनाया। 2014 में मोदी सरकार ने विकास, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे कदम उठाए। आज भाजपा सत्ता में है और देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी बन चुकी है।उत्तर प्रदेश में इस स्थापना दिवस का रंग कुछ और ही था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में कार्यक्रमों में शिरकत की। लखनऊ के भाजपा मुख्यालय से लेकर वाराणसी तक सभाओं में उनकी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। योगी ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया खत्म हुए और कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। योगी ने मोदी जी के भाषण का हवाला देते हुए बताया कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर जो काम किया, वह जनता भूलेगी नहीं। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता जुटे। भगवा पटके लपेटे युवा नारे लगा रहे थे। योगी ने पुराने नेताओं को याद किया और कहा कि उनकी कुर्बानियां आज फलीभूत हो रही हैं। देशभर में स्थापना दिवस के जश्न का अलग-अलग रूप दिखा। दिल्ली के रामलीला मैदान में मोदी का भाषण सुनने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग ट्रैक्टरों, जीपों और बसों से आए। गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश में भी सभाएं हुईं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। चुनौतियों के बावजूद भाजपा ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैलाव किया। पूर्वोत्तर में भाजपा की सरकारें बनीं, जहां कभी कंग्रेस का वर्चस्व था। मोदी ने भाषण में ट्रिपल तलाक बंदी, अनुच्छेद 370 हटाने और सीएए जैसे फैसलों का जिक्र किया। इनसे अल्पसंख्यकों को भी न्याय मिला, भले विपक्ष इसे तोड़-मरोड़कर पेश करे। कंग्रेस के पतन की कहानी भाजपा के उभार से जुड़ी हुई है। जहां कंग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर वोटबैंक की राजनीति की, वहीं भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया। 1977 के चुनाव में जनता पार्टी की जीत के बाद भी कंग्रेस वापसी कर ली, लेकिन 1989 के बाद उसका ग्राफ लगातार गिरता गया। भाजपा ने 1991 में पहली बार केंद्र में सरकार बनाई, फिर 1998-2004 तक शासन किया। लेकिन असली मोड़ 2014 और 2019 में आया। मोदी की लहर ने भाजपा को 303 सीटें दिलाईं। आज पार्टी के पास केंद्र और अधिकांश राज्यों में सरकारें हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 403 में से 273 सीटें जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। योगी सरकार ने मंदिर निर्माण को गति दी, जिससे अयोध्या भगवा नगरी बन गई। इस स्थापना दिवस ने कार्यकर्ताओं में नई उम्मीद जगाई। सड़कों पर भगवा जुलूस निकले, घर-घर में मीठाई बांटी गई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर रहे थे। मोदी ने अंत में कहा कि आने वाले समय में भाजपा देश को विकसित भारत बनाएगी। 2047 तक भारत विश्व गुरु बनेगा। योगी ने प्रदेश कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के चुनाव में फिर से भाजपा की लहर आएगी। विपक्ष के घोटालों और वादाखिलाफी के खिलाफ जनता भाजपा को ही चुनेगी। इस तरह स्थापना दिवस सिर्फ इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य का संकल्प बन गया। भाजपा का सफर संघर्षों से भरा रहा। 1984 में सिर्फ दो सीटों से शुरुआत हुई, लेकिन धैर्य और संगठन शक्ति ने इसे शिखर पर पहुंचाया। पुराने नेताओं जैसे कुशाभाऊ ठाकरे, मुरली मनोहर जोशी की मेहनत रंग लाई। आज मोदी-योगी की जोड़ी इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। देश का माहौल भगवामय होने से साफ है कि जनता भाजपा के साथ है। आने वाले चुनावों में यह जोश जीत का आधार बनेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भव्य बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के 47 वर्षों के सफर को बारीकी से बयान किया। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी ने शुरुआती दिनों में किन-किन चुनौतियों का सामना किया।**

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता

अजय कुमार

पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कंग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है। चुनावी जंग की शुरुआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं। ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है। चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं। ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉर्मूला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है। इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फ़ेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं। चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं। ममता का विक्टिम कार्ड खेलने का तरीका बहुत साफ है। वे हर घटना को अपने खिलाफ साजिश बताती हैं। रोना-धोना शुरू कर देती हैं। समर्थकों को उकसाती हैं। कहती हैं कि बंगाल की अस्मिता खतरे में है। लेकिन इस बार यह चाल चल नहीं रही। जनता देख रही है कि अर्धसैनिक बल ने कैसे शांति लाई। 2021 के दंगों की यादें ताजा हैं। लोग हिंसा से त्रस्त थे। अब वे शांत चुनाव चाहते हैं। ममता का गुस्सा इसी से भड़कता है। वे जानती हैं कि सत्ता खिसक रही है। भाजपा का माहौल मजबूत हो गया है। कार्यकर्ता बिना डर के प्रचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल की यह चुनावी जंग लोकतंत्र की जीत बन रही है। अर्धसैनिक बल और चुनाव आयोग की सख्ती ने हिंसा को जड़ से उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड फ़ेल हो गया। उदाहरण गिनाने को तो बहुत हैं। हर जिले से ऐसी कहानियां आ रही हैं। जनता अब सच्चाई चुन रही है। यह बदलाव ऐतिहासिक है। बंगाल की धरती पर शांति का राज कायम हो रहा है।

**ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ।**

# खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्ती, 1457 निरीक्षण में 408 नमूने फ़ेल

- जिला स्तरीय समिति की बैठक में कार्रवाई तेज करने के निर्देश, लाखों के खाद्य पदार्थ नष्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जिलाधिकारी कार्यालय में सोमवार को अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौड़ (वि/रा) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1457 निरीक्षण किए गए, जिनमें 578 छापे और 615 नमूने संग्रहित किए गए। इनमें से 408 नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें 208 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। इस संबंध में न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में 108 वादों का निस्तारण करते हुए 37 लाख 88 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

विशेष अभियान के तहत होली के दौरान 59 नमूने लिए गए और लगभग 2.97 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थ नष्ट किए गए, जबकि 9.37 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थ सीज किए गए। अपर जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों की सराहना करते हुए आम जनमानस को जागरूक करने और गन्ने के रस व जूस विक्रेताओं को कैंप के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि आइसक्रीम, दूध, पानी निर्माण एवं विक्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए। साथ ही पीडीएस, आबकारी दुकानों एवं आंगनबाड़ी संस्थानों का शत-प्रतिशत लाइसेंस/पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि आगामी महीनों में जनपद की सभी तहसीलों में जागरूकता, प्रशिक्षण एवं लाइसेंस पंजीकरण के कैंप आयोजित किए जाएंगे। साथ ही दूध, खोया, पनीर समेत अन्य खाद्य पदार्थों की निर्माण इकाइयों से अधिक से अधिक नमूने संग्रहित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, औषधि निरीक्षक अशोक कुमार, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्रा सहित व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## मिश्रा कॉलोनी में गंगा कटान रोकने का कार्य शुरू, सैकड़ों घरों को मिलेगी राहत

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा के बढ़ते और फिर घटते जलस्तर के बाद होने वाले भीषण कटान से जूझ रहे शुक्लागंज के मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। पिछले वर्ष जलस्तर घटने के बाद क्षेत्र में तेजी से हो रहे कटान ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी थी। आलीशान मकानों के समीप तक पहुंच चुके कटान ने लोगों को हर समय अपने घरों के उजड़ने का भय दे दिया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग ने अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कटान रोकने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा पुराने यातायात पुल से लेकर मिश्रा कॉलोनी के आगे टावर तक लगभग 350 मीटर क्षेत्र में कटान रोधी कार्य कराया जा रहा है। सोमवार को नवीन पुल के पास पोकलैंड मशीनों से बालू की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से मिश्रा कॉलोनी घाट तक सामग्री पहुंचाई जाती रही। कार्यस्थल पर मशीनों की लगातार आवाजाही से परियोजना में तेजी साफ नजर आई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य गंगा तट पर बसे सैकड़ों घरों को कटान से बचाकर सुरक्षित करना है।

# उन्नाव की बेटी शालिनी बनी समीक्षा अधिकारी 267वीं रैंक से बढ़ाया जिले का मान

- मार्बल मिस्त्री की बेटी ने कड़ी मेहनत से पाई सफलता, घर पहुंचकर लोगों ने दी बधाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। शहर के शांति नगर, शेखपुर नहर निवासी रमेश रावत की बेटी शालिनी रावत ने समीक्षा अधिकारी के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश स्तर पर 267वीं रैंक हासिल कर शालिनी ने अपनी मेहनत और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

शालिनी के पिता रमेश रावत पेशे से मार्बल मिस्त्री हैं, जबकि माता कांति रावत गृहिणी हैं। परिवार में दो छोटे भाई और एक छोटी बहन हैं, जिनमें शालिनी सबसे बड़ी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने दिन-रात मेहनत कर यह सफलता हासिल की।

रिजल्ट घोषित होते ही परिवार में खुशी का माहौल छा गया। परिजन और मोहल्लेवासी एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देने लगे। शालिनी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने शालिनी के आवास पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने शालिनी को मिठाई खिलाकर अंगवस्त्र एवं राम दरबार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पिता रमेश रावत ने भावुक होकर कहा कि बेटी की मेहनत रंग लाई है और आज वह इस मुकाम पर पहुंची है, जो पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर शिवम रावत, कॉमेडियन लक्ष्य निगम, शुभम यादव, प्रांजुल गुप्ता और आशुतोष बाजपेई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और शालिनी को बधाई दी।

# अटैक सर्वाइवर्स का हौसला बढ़ाने को उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित

- समानता और सम्मान का संदेश देने के लिए समिति की पहल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। स्वामी गंगाराम दास मानव उत्थान सेवा समिति (गोमतीनगर विस्तार) द्वारा शिरोज कैफ़े, गोमतीनगर में 5 अप्रैल 2026 को उपहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य एसिड अटैक सर्वाइवर्स की हौसला अफजाई करना और समाज में उन्हें बराबरी का दर्जा दिलाने के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ये सभी महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें समान सम्मान मिलना चाहिए।

इस अवसर पर संस्था की प्रबंधक डॉ. प्रीति यादव सहित सदस्य शशि वर्मा, राखी दीक्षित, सूफ़िया गांधी, बृंदा, पूजा यादव, स्वाति दीक्षित और रंजना पैजावार उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सर्वाइवर्स के साथ संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें उपहार वितरित कर सम्मानित किया गया।

## बांदा में 1.12 लाख से अधिक पात्रों को मिल रहा पेंशन का सीधा लाभ

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण अभियानों का सीधा असर अब बांदा जिले के कोने-कोने में दिखाई दे रहा है। जिसके क्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार बांदा जिले में समाज कल्याण और महिला कल्याण विभाग के समन्वय से सवा लाख के करीब जरूरतमंदों को पेंशन योजना के जरिए आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं से जिले की 30046 निराश्रित महिलाओं का भविष्य संवर रहा है। उनके पति की मृत्यु के बाद आर्थिक तंगी झेल रही इन महिलाओं को मिल रही निरंतर पेंशन ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। जिससे उनके परिवारों में फिर से खुशहाली लौटी है।

# सजधजकर निकली खाटू श्याम की शोभायात्रा

## भक्तिमय माहौल से गूंजा भरवारी नगर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित हनुमान मंदिर में विराजमान खाटू श्याम बाबा के स्थापना की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात आकर्षक रूप से सुसज्जित विंटेज कार में खाटू श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पीताम्बर वस्त्र धारण किए, हाथों में ध्वज और निशान लिए भजन-कीर्तन करते हुए नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों ने माहौल को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। शोभायात्रा पुरानी बाजार भरवारी से प्रारंभ होकर करारी रोड, नया बाजार, सिंघिया होते हुए पुनः नया बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा जगह-जगह जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गयी। लोगों ने श्रद्धा भाव से बाबा खाटू श्याम की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कस्बे में दिनभर ''हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे'' जैसे जयकारों और भजनों की गूंज सुनाई देती रही। रात्रि में मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भजन-कीर्तन का आनंद लेते हुए प्रसाद ग्रहण करते रहे। इस अवसर पर कौशाम्बी इंडेन गैस के संचालक गौरव केसरवानी उर्फ मोनू, कैलाश चंद्र केसरवानी, शैलेन्द्र कुमार केसरवानी, शंकर लाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# नवाबगंज में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

- वरिष्ठ नेताओं ने रखे विचार, कार्यकर्ताओं ने घर-घर फहराया पार्टी ध्वज



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। नवाबगंज विकास खंड सभागार में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के संस्थापकों के व्यक्तित्व एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अवध क्षेत्र वाणी कान्त द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो रवि प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी तथा मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके सिद्धांत आज भी पार्टी के लिए मार्गदर्शक हैं।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों और कार्यालयों पर भाजपा का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस को मनाया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनत श्रीवास्तव, शिवदीप सिंह, अजय श्रीवास्तव, राजा साहू, कमलेश शर्मा, राघवेन्द्र त्रिपाठी, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत ने की, जबकि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो पक्षों में मारपीट के बाद बवाल, पथराव और आगजनी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नवाबगंज थाना क्षेत्र में वाहन खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट, पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटना सामने आई है। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के हथिगंहा महमदपुर में सोमवार शाम वाहन खड़ा करने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ और कुछ वाहनों में तोड़फोड़ कर दी गई। आरोप है कि इस दौरान ट्रैक्टर और कई बाइकों को नुकसान पहुंचाया गया तथा आगजनी की भी घटना हुई। सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव श्यामजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को नवाबगंज थाने में महमदपुर निवासी कंचन सिंह यादव ने सूचना दी थी कि उसके भाई नितिन यादव और गुंजन यादव को मारपीट में चोट आई है।

# बसधना से 170 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

- सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, भक्ति-भाव से गूंजा माहौल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के अंतर्गत विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम बसधना से लगभग 170 श्रद्धालु भक्तों की टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष और भक्ति-संकीर्तन से गूंज उठा।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन का अत्यंत अमूल्य और अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा और बुजुर्गों के आशीर्वाद से उन्हें यह अवसर मिला है कि वह समाज के वरिष्ठजनों को अयोध्या धाम के दर्शन करा सकें। उन्होंने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

बताया गया कि यह तीर्थाटन यात्रा निजी संसाधनों से संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज को भक्ति एवं सेवा के मार्ग पर अग्रसर करना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सर्वेश लोधी, मंडल उपाध्यक्ष मयंक दीक्षित, प्रधान रजनीश, दिलीप विमल, अमित मिश्रा, दिनेश निषाद, पूर्व बीडीसी सुनील, मनोज राठौर, जितेंद्र अवस्थी, कमलेश अवस्थी, अजीत तिवारी, सुखलाल, कोटेदार जयसिंह, बीडीसी किशन, जय मिश्रा, मथुरा अवस्थी, अंकित अवस्थी, रामबाबू, उमेश, सूर्यपाल, डॉ. सूर्यकुमार, प्रधान सर्वेश निषाद, धनीराम, प्रधान सुभाष, सूरजबली, भजनलाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बिछिया में ट्रैक्टर एजेंसी का उद्घाटन, विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ



बिछिया। दही चौकी-पुरवा मार्ग स्थित ग्यारह मील के निकट सोमवार को एक नई ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुरवा विधायक अनिल सिंह ने फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया। ग्यारह मील स्थित त्रिमूर्ति ट्रेडिंग कंपनी के संस्थापक समाजसेवी अजय पाल सिंह के पुत्र विराज प्रताप सिंह द्वारा 'ए वी आर त्रिमूर्ति ऑटोमोबाइल्स' का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर आचार्यों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा, ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## वेतन बकाया पर हिनौती डिपो का गेट जाम, श्रमिकों का प्रदर्शन

मीरजापुर। विकास खंड पहाड़ी के हिनौती स्थित इंडियन ऑयल डिपो पर सोमवार को वेतन बकाया व ओवरटाइम भुगतान को लेकर श्रमिकों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में श्रमिकों ने डिपो के मुख्य गेट पर धरना देकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिल रही है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ओवरटाइम करने के बावजूद भुगतान नहीं होने और कार्य व्यवस्था स्पष्ट न होने से नाराजगी बढ़ी है। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बताया गया कि डिपो में अलग-अलग कंपनियों के तहत कार्य कराया जा रहा है, लेकिन भुगतान व्यवस्था सुचारू नहीं है।

# आईपीटीवी पायरेसी अंतरराज्यीय गिरोह के 3 आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद में थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल पुलिस टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्यवाही कर आईपीटीवी के माध्यम से अनाधिकृत प्रसारण करने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अवैध रूप से आईपीटीवी(बॉस आईपीटीवी) के माध्यम से कॉपीराइटेड कंटेंट का अनधिकृत प्रसारण कर साइबर धोखाधड़ी कर रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में प्रभारी थाना साइबर अपराध राजेश सिंह, निरीक्षक थाना साइबर अपराध तेजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 3 आरोपितों पदम सिंह पुत्र श्रीनिवास निवासी नगला चूरा, थाना बसई मोहम्मदपुर, अशोक धीमान पुत्र रोशन लाल निवासी मांडवी, जिला संगरुर पंजाब व जगदीश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ददरेवा, थाना राजगढ़, जिला चुरु राजस्थान को विजयपुरा तिराहा से किया गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप और भारी मात्रा में जाली खातों की पासबुक व अन्य सामग्री की बरामद की गई हैं।

एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने बॉस आईपीटीवी नामक अवैध प्लेटफॉर्म के माध्यम से जियो हॉट स्टार सहित विभिन्न टीवी चैनलों का अनधिकृत प्रसारण किया जा रहा था। व्हाट्सएप ग्रुप पर लगभग 900+ सदस्य बनाकर ग्राहकों को जोड़ाकर, ग्राहकों को ऐप लिंक, यूजर आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराया जाता था। सब्सक्रिप्शन के नाम पर उनसे क्यूआर (डट) कोड के माध्यम से पैसे वसूले जाते थे तथा प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई आईडी एवं पोस्ट ऑफिस आरडी खातों में ट्रांसफर कर लेयरिंग की जाती थी। गिरफ्तार आरोपितों का गिरोह पंजाब-राजस्थान तक फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में जगदीश के खाते में 20 लाख रुपये की जमा धनराशि फ्रिज कराई गई है।

# दो लाख श्रद्धालुओं ने शीतला धाम में टेका माथा, आस्था का उमड़ा सैलाब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। चुनार क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला धाम में आयोजित दो दिवसीय अठगवां गौड़ेर मेले में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सोमवार को करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने मां शीतला के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर से लेकर चार किलोमीटर दूर तक सड़क और जलमार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

मेले में पहुंचे भगत बांस की बल्ली में फरहरा, हाथों में दीपक लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते मां के जयघोष करते हुए धाम पहुंचे। मंदिर क्षेत्र झंडों से पट गया और हर ओर भक्ति का माहौल बना रहा। जलमार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। गंगा में रेत जमा होने से मोटरबोट और नावों को ढाई से तीन किलोमीटर दूर ही रोकना पड़ा। घाट पर जगह कम पड़ने से कई नावों को दूर खड़ा करना पड़ा, जिससे श्रद्धालुओं को पैदल रेत पार कर धाम तक पहुंचना पड़ा। भोर से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धक्का-मुक्की के बीच भक्तों ने मां के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 23.04.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00312026 दिनांक 02.04.2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 01-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग/पश्चिम के खण्ड में आईआरआईटीएम/लखनऊ में प्रशासनिक भवन [illegible] की भारी मरम्मत का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | रु 2090696.54 |
| 5. | धरोहर राशि | रु 41600.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 09.04.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.04.2026 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट-1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1127/26

# सिविल कोर्ट में दिनदहाड़े गोलीकांड

## चाचा ने भतीजे अधिवक्ता को मारी गोली, घायल, डीएम-एसपी मौके पर, जांच तेज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। पारिवारिक विवाद ने सोमवार को सनसनीखेज मोड़ ले लिया, जब अधिवक्ता जे.के. राज ने अपने ही भतीजे अधिवक्ता जितेंद्र राज को भरे सिविल कोर्ट परिसर में गोली मार दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमा तत्काल हरकत में आ गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम एवं सीओ सिटी विवेक तिवारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और पुलिस टीम को निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम व एसपी जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचीं, जहां घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज का उपचार चल रहा था। डीएम ने चिकित्सकों से इलाज की विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान सीएमएस डॉ. आर.के. कोली ने बताया कि घायल को सीने के निचले हिस्से में गोली लगी है और हालत गंभीर होने के कारण उसे उच्च चिकित्सा के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। अधिकारियों की मौजूदगी में एएलएस एंबुलेंस के जरिए घायल को लखनऊ रवाना किया गया तथा बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश, आरोपी की तलाश में टीमें गठित

प्रशासन ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दी हैं। अधिकारियों का कहना है कि घटना के प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और दोषी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मेले के दूसरे दिन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दिखी नन्हें कलाकारों की अद्भुत प्रतिभा

● दर्शकों ने की जमकर सराहना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। नगर में आयोजित ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही, जिसका आयोजन बड़े ही उत्साह, उल्लास और भव्यता के साथ किया गया। इस रंगारंग प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व अभिनय कौशल का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न आकर्षक एवं सांस्कृतिक वेशभूषाओं में मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। किसी ने स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण कर देशभक्ति का संदेश दिया तो किसी ने पौराणिक पात्रों और सामाजिक विषयों को अपनी वेशभूषा के माध्यम से जीवंत कर दिया। बच्चों की मासूम अदाओं, आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुति ने वहां मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री द्वारकाधीश गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को नगर की ओर से पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी एवं गुरमीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायक के रूप में अंजली वर्मा एवं प्रतिभा ने बच्चों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए निष्पक्ष निर्णय दिया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की मेले के दूसरे दिन आयोजित यह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साबित हुई।

# बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर कुकरा व इंदिरानगर में आयोजित हुए कार्यक्रम



● कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि व संगठन मजबूती का लिया संकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कुकरा स्थित आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला मंत्री (अल्पसंख्यक मोर्चा) मुन्ना खान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और जमीनी स्तर पर छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही पार्टी की असली ताकत है। शक्ति केंद्र पर भी स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री इखलाख खान उर्फ मुन्ना, मंडल मंत्री अमित मिश्रा, बूथ अध्यक्ष परवेज खान, गौरव मिश्रा, पटवारी राज, मंडल कार्यकर्ता अरबाज खान तथा भाजपा सेक्टर प्रभारी अशोक विश्वकर्मा व अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे। इसी क्रम में शक्ति केंद्र बंगाली कॉलोनी इंदिरानगर में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र आयोजक महेंद्र कुमार, रामदयाल भगत, लाल जी भगत, आशीष कुमार, बूथ अध्यक्ष बलविंदर सिंह, नवजीत सिंह उर्फ लाली, क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा गुरमीत सिंह तथा प्रधान संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भूड़वारा में किसान जागरूकता व संचारी रोग नियंत्रण कैंप, फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील

कुकरा खीरी। भूड़वारा ब्लॉक बांकेगंज, दिनांक 06 अप्रैल को ग्राम पंचायत भूड़वारा में उस्मान खान के आवास पर एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। यह कैंप ब्लॉक बांकेगंज प्रशासन के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं एवं जरूरी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कैंप में तैनात अधिकारी आफरीन खान ने गांव-गांव जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो किसान समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाएंगे, वे खाद, सब्सिडी और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। आफरीन खान ने अब तक 10 से अधिक गांवों में जागरूकता कैंप आयोजित कर किसानों को लाभान्वित किया है। किसानों से अपील की गई कि वे शीघ्र अपनी रजिस्ट्री पूर्ण कराएं ताकि किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहें। इसके साथ ही विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता में शिवम सोनी बने चैम्पियन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला में ऐतिहासिक मेला चैती के नौवें दिन सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बजाज पब्लिक स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य विनय प्रकाश शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया और देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद विश्वनाथ राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप तिवारी, कृष्णा वाटिका मैरिज लॉन के स्वामी दिनेश गुप्ता, एडवोकेट नरेश सिंह भदौरिया, एडवोकेट लाल बहादुर यादव, समाजसेवी सतीश द्विवेदी, नेशनल हॉकी प्लेयर महफूज अली, नेशनल रेफरी ताइक्वांडो शहबाज अली एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' सभी नए-पुराने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनमानस का भी विशेष ध्यान रखते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ राजपूत ने कहा कि वे पालिकाध्यक्ष को बधाई देते हैं, जो नगर की नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें निखारने का कार्य कर रहे हैं। निर्णायक मंडल में सुनील यादव, श्रीमती शिखा खरे, दीनानाथ तथा राजेंद्र प्रसाद तिवारी 'कंटक' की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। सीनियर वर्ग गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम सोनी, द्वितीय स्थान शिवांगी सक्सेना एवं तृतीय स्थान गायत्री मिश्रा ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर सभासद साहिद अंसारी, राजेश वर्मा, आशीष अवस्थी, हर्ष अवस्थी, इजरान अहमद, रज्जन खान, अनिल गुप्ता, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, सूर्य प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वाक्स- 07 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर पंजाबी नाइट का आयोजन सायं 7 बजे से किया जाएगा।

# स्कूल चलो अभियान के तहत रोशन नगर में स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार ब्लॉक बाँकेगंज के उच्च प्राथमिक संविलियन विद्यालय रोशननगर में 'सर्व शिक्षा अभियान' के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली धूमधाम से निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्या रचना पाण्डेय ने किया, जिसमें संकुल एआरपी, अध्यापकों एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश दिया। इस अवसर पर एआरपी नीलकमल, राहुल कुमार मौर्य, हेमंत कुमार यादव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में शिक्षक योगेन्द्र नाथ शर्मा, प्रेमचंद, प्रीति, रोली, कुसुम, रुचि, कंचन, अमित और नीरज समेत अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और रैली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की।

### गोला क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में 4 घायल, दो की हालत नाजुक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र में बीते कुछ घंटों के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों और परिजनों की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में अलियापुर निवासी देववती (45) पत्नी सुशील कुमार और उनके पुत्र दिव्यांश (23) शामिल हैं। इसके अलावा कपरहा गांव निवासी जितेंद्र कुमार (34) पुत्र शीतल प्रसाद तथा धूमरा गांव निवासी अकलीम अहमद (35) पुत्र जमील अहमद भी दुर्घटनाओं में घायल हुए हैं। सीएचसी गोला में तैनात डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन अकलीम अहमद और देववती की हालत गंभीर होने और अंदरूनी चोटों की आशंका के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दिव्यांश और जितेंद्र कुमार का इलाज सीएचसी में ही जारी है अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, हादसों की सूचना मिलते ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर शेर अली खान ने दी बधाई 'सबका साथ-सबका विकास' की पेश की मिसाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के गरिमामयी अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक शेर अली खान, निवासी कस्बा कुकरा, ने समस्त क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शेर अली खान ने अपने संदेश में कहा कि वे वर्ष 1992 से पार्टी के एक सच्चे और निष्ठावान सिपाही के रूप में निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। वर्तमान में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में प्रांत संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए वे 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को सर्वोपरि रखकर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कुकरा क्षेत्र के विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद कुकरा आज विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। यह भाजपा सरकार की निष्पक्ष कार्यशैली का परिणाम है कि यहां तक उच्च गुणवत्ता वाली हाईवे सड़क का निर्माण हुआ है।

शेर अली खान ने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र का जीवंत प्रमाण है। विरोधियों के दावों के विपरीत भाजपा ने बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र में विकास कार्य कर यह साबित किया है कि उसके लिए विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में उन्हें गर्व है कि पार्टी ने उनके वर्षों के समर्पण को सम्मान दिया है। आज मुस्लिम समाज भी बड़ी संख्या में राष्ट्रवाद और विकास की इस यात्रा से जुड़कर भाजपा के संकल्पों को और अधिक मजबूत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अजान खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याती गर्ग के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हैदराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में टीम ने बहला-फुसलाकर लड़की भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को हरिओम पुत्र बाबूराम (26 वर्ष), निवासी ग्राम द्वारिकागंज, थाना हैदराबाद खीरी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 80/2026 में धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 06 अप्रैल 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक खेमेन्द्र कुमार व कांस्टेबल रवि कुमार शामिल रहे।

### 12 अप्रैल को 'सरदार पटेल प्रतियोगिता' का आयोजन, प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर आने वाला है। 'कल्याण भवः संस्थान' द्वारा 12 अप्रैल 2026 को जनपद स्तरीय 'सरदार पटेल प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कला और ज्ञान दोनों का समावेश देखने को मिलेगा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता को चार प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें सामान्य ज्ञान (क्ख) के माध्यम से बौद्धिक क्षमता का आकलन किया जाएगा, वहीं मेहंदी प्रतियोगिता पारंपरिक कला को मंच देगी। इसके साथ ही रंगों द्वारा चित्रकला और पेंसिल स्केचिंग के जरिए प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित कर सकेंगे। यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कृषक समाज इंटर कॉलेज, लखीमपुर रोड, गोला खीरी में आयोजित होगी। इसमें कक्षा 3 से लेकर स्नातक (ठक्) और परास्नातक (घ्क) तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को आयु और कक्षा के अनुसार चार समूहों में विभाजित किया जाएगा। संस्थान की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं रामा बुक डिपो (लखीमपुर रोड), कंप्यूटर एकेडमी (खुटार रोड, सब्जी मंडी के पास), विशाल बुक डिपो (अलीगंज रोड) और अनुष्का बुक डिपो (मिल रोड) से पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

### मुरादाबाद में झांकियों संग निकाली यीशु मसीह पुनरुत्थान यात्रा

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद महनगर के सभी चर्चों द्वारा संयुक्त रुप से सोमवार शाम को यीशु मसीह पुनरुत्थान यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों से प्रभु यीशु मसीह के जीवन और मानव जाति के कल्याण तथा उसे पापों से बचाने के लिए किये गए बलिदान और पुनः जी उठने का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। पारकर इंटर कॉलेज से फ़ेलोशिप के बैनर और घोड़ों पर सवार सभी धर्मों के अनुयायियों के रूप में बैठे बच्चों की अगुआई में यात्रा आगे बढ़ी तो लोग प्रभु यीशु के जी उठने के जश्न से सराबोर रहे। झांकियों से प्रभु यीशु मसीह के जीवन के संघर्ष, अवाम के लिए उत्थान के लिए सही यातनाएं एवं बलिदान को मार्मिक रूप से प्रदर्शित किया गया। सेंट एंथोनी चर्च ने आदम व हब्बा, ओल्ड मैथोडिस्ट चर्च ने मेंजर सीन झांकी (चरनी व तीन मंजूसी), सिटी दांग चर्च ने जिब्राईल दूत, मरियम, चरवाहे की झांकी, सेंट पॉल चर्च की प्रभु यीशु का पुनरुत्थान एवं स्वर्गारोहण, एसडीएम चर्च की कोढ़ियों को बीमारी से चंगा करना आदि झांकियां सभी को आकर्षित करती रहीं।

# अजान कस्बे में बेलगाम ई-रिक्शा से बिगड़ी यातायात व्यवस्था

● बिना लाइसेंस-फिटनेस दौड़ रहे सैकड़ों वाहन, नाबालिगों के हाथ स्टेयरिंग, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के अजान कस्बे में इन दिनों ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कस्बे की सड़कों पर सैकड़ों ई-रिक्शा बिना ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र और परिवहन विभाग के मानकों को पूरा किए बिना ही धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। मेन रोड पर ई-रिक्शा चालक सड़क किनारे ही वाहन खड़ा कर सवारियां भरते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार इसी अव्यवस्था के चलते दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब ई-रिक्शा चालक बिना किसी संकेत के अचानक वाहन मोड़ देते हैं। इससे पीछे से आ रहे दोपहिया व चारपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई बार इसको लेकर विवाद और मारपीट की नौबत भी आ जाती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कई ई-रिक्शा नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे हैं, जो यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए तेज गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। इसके अलावा कई ई-रिक्शा बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर संचालित हो रहे हैं, जिन पर किसी प्रकार का नियंत्रण नजर नहीं आता। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने जिला प्रशासन व परिवहन विभाग से अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ सघन अभियान चलाने की मांग की है, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके इस संबंध में अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि शीघ्र ही अभियान चलाकर अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और केवल वैध वाहनों को ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

# जीएसटी आर्थिक दक्षता प्राप्त करने का महत्वपूर्ण साधनः प्रो. सत्यकाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के सामाजिक, आर्थिक प्रभावों, नीति निर्माण और शैक्षणिक विमर्श को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की ओर से जीएसटी 2.0 सुधारों को जन- जन तक पहुंचाने के लिए 8 मई को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

दूरस्थ शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.फ़ेसर सत्यकाम ने सोमवार को बताया कि यह पहल देश के जीएसटी सुधारों को समझने, क्रियानवित करने और उनके प्रभावों का विश्लेषण कर आवश्यक सुझावों को एकत्रित कर नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए है। कुलपति ने कहा कि भारत का एकीकृत कर प्रणाली की ओर बढ़ना स्वतंत्रता के बाद से हुए सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय परिवर्तनों में से एक है।

भारत 'विकसित भारत 2047' की आकांक्षा रखता है। ऐसे में जीएसटी समावेशी विकास, राजकोषीय सुदृढ़ी करण और आर्थिक दक्षता प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस सुधार ने औपचारिक अर्थव्यवस्था के विस्तार, डिजिटलीकरण के माध्यम से कर अनुपालन में सुधार और अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने में योगदान दिया है।

# राजस्थान के आक्रामक खेल से सतर्क रहना होगा मुंबई को, हार्दिक की फिटनेस पर होगी निगाह

एजेंसी





गुवाहाटी। पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फ़ेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। पहले मैच में गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर पिछले मैच में महंगे साबित हुए, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाले जसप्रीत बुमराह किफायती तो रहे हैं लेकिन इस सत्र में अभी तक विकेट नहीं ले पाए हैं। स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह टीम में अपने चयन को सही साबित किया और संभावना है कि वह अपना स्थान बरकरार रखेंगे। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को हालांकि राजस्थान के शीर्ष क्रम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है, विशेषकर डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत दर्ज की थी। गेंदबाजों में तुषार देशपांडे और रवि बिश्नोई का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। बिश्नोई दो मैचों में पांच विकेट लिए हैं। वहीं देशपांडे ने टाइटन्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 10 रन का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए डेथ ओवरों के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया था। मुंबई की टीम अंक तालिका में अभी छठे स्थान पर है जबकि राजस्थान दूसरे स्थान पर है।

# आईसीसी ने मार्च के लिए सैमसन और बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' नामित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मार्च के लिए सोमवार को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के नामों का ऐलान कर दिया है। इस बार भारत के स्टार खिलाड़ी संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह को पुरुष वर्ग में नामित किया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते इन्हें इस सम्मान का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। संजू सैमसन ने मार्च महीने में काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाए, और इसके बाद इंग्लैंड तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और फाइनल में लगातार 89-89 रनों की पारियां खेलीं। उनकी इन पारियों ने टीम को मुश्किल हालात से निकालकर खिताबी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह ने भी आईसीसी टी 20 विश्व कप में अपनी सटीक और किफायती गेंदबाजी से विरोधी टीमों को पूरी तरह दबाव में रखा। उन्होंने अहम मुकाबलों में कुल 7 विकेट लिए और फाइनल में 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट झटकते हुए मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। बुमराह और सैमसन के अलावा अन्य नामितों में दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों में 200 रन बनाए और अपनी टीम को श्रृंखला जिताने में अहम भूमिका निभाई। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका को नामांकन मिला है। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इस सम्मान के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन विशेषज्ञों की समिति और दुनियाभर के प्रशंसकों के मतदान के आधार पर किया जाता है। इसमें विशेषज्ञों के वोट का हिस्सा अधिक होता है, जबकि प्रशंसकों के वोट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विजेताओं की घोषणा हर महीने के दूसरे सप्ताह में की जाती है।

# मेरे लिए बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करना आसान नहीं था: पडिक्कलब

एजेंसी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने सफ़ेद गेंद के प्रारूपों में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने 'कंफर्ट जोन' (आरामदायक दायरे) से बाहर निकलने और अपनी बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करने को दिया। देवदत्त ने आईपीएल के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन बनाने के बाद रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 50 रन बनाए। आरसीबी ने यह मैच 43 रन से जीता। देवदत्त ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद मिली। बल्लेबाजी में बदलाव करना आसान नहीं था क्योंकि क्रिकेट के इस प्रारूप के लिए मुझे अपनी बुनियाद को पूरी तरह से बदलना पड़ा। उन्होंने कहा, ''यह बदलाव मुझे जानबूझकर करना पड़ा और आरसीबी और सहयोगी स्टाफ ने मेरा मार्गदर्शन करके बहुत मदद की। लेकिन क्या टी20 के एक आयामी होने का खतरा है क्योंकि सभी बल्लेबाज अपने पावर हिटिंग कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं? इस सवाल पर देवदत्त ने कहा, ''मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी का स्तर काफी बढ़ गया है। मुझे लगता है कि हर कोई बड़े छक्के और चौके लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और अब गेंदबाजों की जिम्मेदारी है कि वे भी उसी राह पर चलते हुए अपने खेल का स्तर ऊपर ले जाएं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का मानना है कि गेंदबाज जल्द ही वापसी करेंगे। देवदत्त ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि सभी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे और जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, विकेट भी थोड़े धीमे होने लगेंगे और चीजें बदल जाएंगी। इसके बावजूद उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के पावर-हिटिंग कौशल की प्रशंसा की, जिन्होंने 25 गेंदों में 70 रन बनाकर सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया था।

# सीएसके को अपने युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने और अच्छी कार्यशैली अपनाने की जरूरत: अश्विन

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय स्पिन के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी हार झेलने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को अपने युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और अच्छी कार्यशैली अपनाने की जरूरत है। सीएसके को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसे अभी तक अपने तीनों मैच में हार मिली है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। अश्विन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''मुझे यकीन है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण होगा। मुझे ठीक से नहीं पता कि शब्द कितने कठोर हो सकते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो इतनी युवा टीम के साथ आगे बढ़ने का सिर्फ एक ही रास्ता है और वह है अतीत को पीछे छोड़कर अपने खेल का स्तर ऊंचा करना। उन्होंने कहा, ''इसके लिए उसे मजबूत कार्यशैली और टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार करना होगा। मुझे यकीन है कि आरसीबी से मिली इस करारी हार के बाद चेन्नई के ड्रेसिंग रूम में बेहद निराशा का माहौल होगा। भारत के पूर्व स्पिनर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों से जवाबदेही की उम्मीद करना उचित नहीं है। अश्विन ने कहा, ''आरसीबी के हाथों सीएसके की हार को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। आरसीबी और सीएसके का मुकाबला आईपीएल के सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा, ''सीएसके की टीम में कुछ कमियां हैं। उसकी टीम में कई अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। हम उनसे जवाबदेही की उम्मीद नहीं कर सकते। वे उस उम्र में हैं जहां उन्हें मैदान पर उतरकर क्रिकेट का आनंद लेना चाहिए। आप उन पर सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव नहीं डाल सकते। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भारत के टी20 विश्व कप हीरो संजू सैमसन का समर्थन करते हुए कहा कि शुरुआती तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद वह वापसी करने में सफल रहेंगे। डुप्लेसी ने कहा, ''अगर आप सीएसके की बल्लेबाजी पर गौर करें तो वह काफी अच्छी है। कप्तान रुतुराज गायकवाड ने हमेशा खुद को साबित किया है। संजू सैमसन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी20 विश्व कप में अपने आलोचकों को गलत साबित किया।

# कैट ने व्यापार एवं एमएसएमई के लिए वित्त मंत्री से राहत उपायों की घोषणा का किया आग्रह

एजेंसी



नई दिल्ली। कारोबारियों के संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण व्यापार और एमएसएमई पर संभावित प्रतिकूल असर को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राहत उपायों की घोषणा करने का आग्रह किया है। सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण भारत के व्यापार और उद्योग, विशेषकर छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित असर को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने वित्त मंत्री से छोटे व्यापारियों के लिए ऋण, लॉजिस्टिक्स और कच्चे माल की आपूर्ति में बाधाओं के मद्देनजर एक समर्पित टास्क फोर्स के गठन और समय पर राहत उपायों की मांग की गई है, ताकि स्थिरता बनी रहे। खंडेलवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को आज भेजे एक पत्र में कहा कि स्रोतों के विविधीकरण, लॉजिस्टिक्स ढांचे के सुदृढ़ीकरण, संतुलित वित्तीय प्रबंधन तथा आवश्यक वस्तुओं की निरंतर निगरानी जैसे कदमों ने देश में उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित रखा है, जिससे व्यापार जगत में विश्वास बना है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति बाधाएं और लागत में बढ़ोतरी से कई क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इनमें प्रमुख रूप से पेट्रोकेमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, प्लास्टिक, टेक्सटाइल, उर्वरक, केमिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स, लॉजिस्टिक्स और अन्य ऊर्जा-आधारित उद्योग शामिल हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि निर्यातकों को फ्रेट और बीमा लागत में वृद्धि, शिपमेंट में देरी, रूट परिवर्तन तथा भुगतान संबंधी अनिश्चितताओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी। भरतिया ने कहा कि व्यापार और उद्योग जगत में बढ़ती लागत, कार्यशील पूंजी पर दबाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, मुनाफ़े में कमी और ऋण भार में वृद्धि को लेकर गंभीर चिंता है, विशेषकर एमएसएमई क्षेत्र में।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल का दाम 115 प्रति बैरल से ऊपर पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल के दाम में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है, जिसका असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कच्चे तेल यानी (क्रूड ऑयल) का भाव 115 प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड वायदा भाव 1.71 डॉलर यानी 1.6 फीसदी बढ़कर 110.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का वायदा कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। एचएसबीसी की एक रिपोर्ट में पहले ही यह चेतावनी दी जा चुकी है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे वक्त तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहती है, तो आने वाले समय में और गंभीर स्थिति आ सकती है। इस रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि लंबे समय तक यही हाल बना रहता है, तो महंगाई दर 6 फीसदी से ऊपर जा सकती है।

# वर्ष 2025-26 में वाहनों की खुदरा बिक्री 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2.96 करोड़ इकाई तक पहुंची:फाडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई। फाडा के बयान के अनुसार, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13 प्रतिशत बढ़कर 47,05,056 इकाई हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 41,63,927 इकाई थी। संगठन ने कहा कि वह आशावादी रुख अपनाए है, लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के भारत में वाहनों की मांग पर भविष्य में पड़ने वाले संभावित प्रभाव के प्रति सतर्क भी है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी। वित्त वर्ष 2025-26 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,63,412 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12,20,834 इकाई के मुकाबले 11.68 प्रतिशत अधिक है। फाडा के अनुसार वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 11.74 प्रतिशत बढ़कर 10,60,906 इकाई हो गई जो वित्त वर्ष 2024-25 में 9,49,406 इकाई थी।

## एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दाम 11.1 फीसदी तक बढ़ाए, नई दरें 5 अप्रैल से लागू

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दामों में 11.1 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें 5 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। कंपनी ने सोमवार को बीएसई, एनएसई और द कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को अपने लौह अयस्क के दामों में 11.1 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि पांच अप्रैल से लौह अयस्क की कीमतों में बदलाव किया गया है। एनएमडीसी ने कहा कि संशोधित कीमतें 'फ्री-ऑन-रेल' (एफओआर) आधार पर तय की गई हैं। इनमें रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) शुल्क, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एनएमईटी) अंशदान, माल एवं सेवा कर, पर्यावरण उपकर और अन्य कर जैसे वैधानिक शुल्क शामिल नहीं हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के भाव में शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रज्ञानानंदा ने कारुआना के साथ ड्रॉ खेला, वैशाली ने झोंगयी को हराया

**पाफोस (साइप्रस)।** आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला तो वहीं उनकी बहन आर वैशाली ने यहां सातवें दौर में चीन की टैन झोंगयी पर एक भाग्यशाली जीत दर्ज की। प्रज्ञानानंदा को दौड़ में बने रहने के लिए आखिरी सात बाजियों में किसी चमत्कार की जरूरत होगी। उज़्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेलने की स्थिति में थे। इस युवा उज़्बेक खिलाड़ी ने लगातार चार जीत दर्ज की थीं और अब ड्रॉ की ओर बढ़ रहेहैं। छह अंकों के साथ सिंदारोव कारुआना ( 4.5 ) से काफ़ी आगे हैं। वह प्रज्ञानानंदा और संभवतः अनीश गिरी से पूरे एक अंक आगे हैं। जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और चीन के वेई यी अब तीन तीन अंकों पर हैं जो अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से आधा अंक आगे हैं। रूस के आंद्रे एसेपेंको अपनी झोली में दो अंकों के साथ सबसे नीचे चल रहे हैं। महिलाओं के वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक 4.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं। आर वैशाली चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि बिबिसारा अब तीसरे स्थान पर हैं।

## भारत की उम्मीदें टीम की गहराई, घरेलू समर्थन पर : उप्पल

**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने बिली जीन किंग कप एशिया ओशियाना ग्रुप एक के मुकाबले से पहले अपनी टीम की गहराई और तैयारियों पर भरोसा जताते हुए सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों की चोट के बावजूद उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने को तैयार है। डीएलटीए परिसर में बातचीत के दौरान उप्पल ने कहा कि दिल्ली में बेमौसम की बरसात से टीम की तैयारियों पर असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा ,'' हमें अप्रैल में दिल्ली में अधिक गर्मी की आदत है लेकिन मौसम पर हमारा नियंत्रण नहीं है । हमने अच्छा अभ्यास किया है और टीम शीर्ष स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिये तैयार है। भारत छह टीमों के ग्रुप एक में इंडोनेशिया, कोरिया, थाईलैंड, मंगोलिया और न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी। उप्पल ने कहा ,'' एशिया में यह शीर्ष ग्रुप है और कई बेहतरीन खिलाड़ी खेलेंगे। यह हर टीम के लिये बड़ी चुनौती होगा और हमें रोमांचक टेनिस देखने को मिलेगी। श्रीवल्ली भामिदीपति को लगी चोट के बारे में उन्होंने कहा कि प्रबंधन को हालात का अनुमान था। उन्होंने कहा ,'' हमें उसकी चोट के बारे में पता था और हमने जरूरी बदलाव कर लिये थे। हमारी टीम में काफी गहराई है और मुझे उम्मीद है कि ये लड़कियां उम्दा प्रदर्शन करेंगी । उनकी जगह खेल रही जील देसाई ने कहा ,'' देश के लिये खेलना सौभाग्य की बात है। मैं बहुत रोमांचित हूं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल से कौशल को काफ़ी हद तक खत्म कर रहा है: जैमीसन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी कई अन्य खिलाड़ियों की तरह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है। कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम पर चिंता व्यक्त की है, जिससे टीम मैच के दौरान किसी भी समय पांच खिलाड़ियों की सूची में से एक खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल किसी अन्य खिलाड़ी की जगह मैदान पर उतार सकते हैं। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं जबकि कुछ का मानना है कि इससे खेल का पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में झुक जाता है क्योंकि टीमें अब आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज होने के कारण शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक अंदाज में खेल सकती हैं। जैमीसन ने गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा, ''निजी तौर पर मैं इस नियम का समर्थक नहीं हूं। मुझे लगता है कि इससे खेल में कौशल का महत्व काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आप नौवें या दसवें नंबर तक बल्लेबाज रख सकते हैं तो फिर आपको उस तरह के बल्लेबाजी कौशल की जरूरत नहीं पड़ेगी जो शायद आपको पहले की तरह चाहिए होती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2023 में यह नियम लागू किया था और यह 2027 तक बना रहेगा। इसके बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी। जैमीसन ने कहा, '''मुझे लगता है कि इसका असर ऑलराउंडर पर पड़ रहा है। इससे ऐसे खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं और टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इस नियम से खेल से इस कौशल का महत्व थोड़ा कम हो जाता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल के अलावा दुनिया की किसी भी बड़ी लीग में इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग नहीं किया जाता। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको बहुत कम ही ऐसी जगहें देखने को मिलेंगी जहां इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू होता है। इसके पीछे कोई अच्छा कारण ही होगा।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

मुंबई,। पश्चिम एशिया संकट के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आज से चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पहली तीन दिवसीय समीक्षा बैठक शुरू कर दी है। यह समीक्षा बैठक 6-8 अप्रैल तक चलेगी। अर्थशास्त्रियों ने रेपो रेट 5.25 फीसदी पर बने रहने की संभावना जताई है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हो रही यह 8 अप्रैल तक चलेगी और वह बैठक के फैसलों की घोषणा उसी दिन करेंगे। इस समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट और महंगाई पर फैसला लिया जाएगा। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रा संबंधी दबावों के बीच आर्थिक परिदृश्य का आकलन करने के लिए आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक में केंद्रीय बैंक इस बार भी रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत बनाए रखेगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वाराणसी में मानसून से पहले ड्रेनेज सिस्टम सुधारने को महापौर ने किया निरीक्षण

■ कंदवा, सुसुवाही, करौंदी में चल रहे नाला सफाई कार्यों की जानी जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्ड कंदवा-19, सुसुवाही-39 और करौंदी-33 में चल रहे नाला सफाई कार्यों की जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान महापौर ने मानसून आने से पहले सभी छोटे-बड़े नालों की तली की सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। महापौर के नेतृत्व में निरीक्षण चितईपुर से शुरू हुआ, जहां मुख्य मार्ग पर स्थित बड़े नाले के साथ ही गांव के भीतर से गुजरने वाली ड्रेनेज लाइन को देखा गया। इसके बाद निगम की टीम कंचनपुर पोखरी पहुंची और वहां पूर्व में किए गए वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर ने मीरानगर एक्सटेंशन में नाले और शिव नगर कॉलोनी में तैयार हो रहे मियावाकी पद्धति के जंगल व निर्माणाधीन पार्क का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। अधिकारियों का काफिला इसके बाद चितईपुर से कंदवा मुख्य मार्ग की ओर बढ़ा, जहां सड़क किनारे बनी गहरी नाली की सफाई व्यवस्था देखी गई। सुसुवाही वार्ड के अंतर्गत आनंदपुरम कॉलोनी में नाला सफाई की सुस्त रफ्तार पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## गड़बड़ा धाम में उमड़ी आस्था, 10 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

मीरजापुर। वैशाख कृष्ण चतुर्थी पर सोमवार को गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। भोर में मंगला आरती के बाद ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। श्रद्धालुओं ने पहले सेवटी नदी में स्नान किया, इसके बाद महिला-पुरुष अलग-अलग कतारों में लगकर मां के दर्शन के लिए इंतजार करते रहे। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त मां की एक झलक पाकर धन्य हो उठे। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, हलवा-पूरी, फल-फूल व मिष्ठान अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मां के चरणों में समर्पित करते नजर आए। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्र के अनुसार, दिनभर में करीब 10 हजार से अधिक भक्तों ने दरबार में मत्था टेका।

## बरेली नगर निगम में नामित दस पार्षदों ने ली शपथ, भाजपा का दबदबा बढ़ा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली नगर निगम में भाजपा का दबदबा और मजबूत हो गया है। सोमवार को जीआईसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 10 नामित पार्षदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने सभी को शपथ दिलाई। इसके साथ ही नगर निगम बोर्ड में भाजपा समर्थित सदस्यों की संख्या 52 से बढ़कर 62 पहुंच गई है। सोमवार सुबह 11 बजे जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में इन सभी को औपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एडवोकेट अनिल सक्सेना और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य समेत कई लोग मौजूद रहे। नगर निगम बोर्ड में कुल 80 पार्षदों का प्रावधान है, लेकिन फिलहाल तीन सीटें रिक्त हैं। अरेंद्र अरोरा कुक्की, संजू देवी और संजय राय के निधन के बाद सदस्यों की संख्या 77 रह गई है। ऐसे में 10 नामित पार्षदों के जुड़ने से भाजपा का बहुमत और मजबूत हो गया है। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि नामित पार्षद भी आम पार्षदों की तरह शहर के अलग-अलग वार्डों में जनता की समस्याओं को सुनेंगे और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में सभी पार्षदों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शपथ लेने वाले नामित पार्षदों में ज्ञान प्रकाश लोधी, गौरव सक्सेना, रामबहादुर मौर्य, सुमित सैनी, हरीश बाबू वाल्मीकि, कमला देवी कश्यप, वीरेंद्र, हरिओम गौतम, अशोक चौहान और राजीव कुमार गुप्ता शामिल हैं। इनमें कमला देवी कश्यप एकमात्र महिला नामित पार्षद हैं।

# आईगोट पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण प्राप्त कर मनोवैज्ञानिक रूप से दक्ष हो कार्मिक: अपर निदेशक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के अंतर्गत अपर निदेशक सूचना ने जूम मीटिंग के माध्यम से जिला सूचना कार्यालयो के कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा विकसित के आईगोट पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रमों माध्यम से विभागीय कार्मिकों की कार्यात्मक क्षमता, कार्यक्षेत्र एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उन्हें दक्ष बनाया जाये, इस हेतु शासन के निर्देशनुसार 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2026 तक प्रदेश में मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में अपर निदेशक सूचना श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने जूम मीटिंग के माध्यम से जिला सूचना कार्यालयों के कार्मिकों को मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के अंतर्गत आईगोट पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रमों के प्रशिक्षण से संबंधित विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई । उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आईगोट कर्मयोगी प्लेटफार्म पर उपलब्ध पाठयक्रमों में से कम से कम 04 घंटे का प्रशिक्षण जिसमें इद्ध दक्ष कार्यक्रम के किन्ही 03 कार्यक्रम (आईगोट) मार्केट प्लेस से कोई एक पाठयक्रम का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाना है। अपर निदेशक सूचना श्री मिश्र ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि उनका प्रत्येक कार्मिक तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक रूप दक्ष होना चाहिए, ताकि वह आगमी परिवेश की चुनौतियों का सामना दृढ़ता एवं कर्मठता के साथ कर सके। उन्होने कहा कि आने वाला समय तकनीकी का होगा और तकनीक के आधार पर ही दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया जा सकेगा। इसलिए आवश्यक हो जाता है कि हम तकनीकी एवं मनोविज्ञान रुप से पारंगत होकर आत्मनिर्भर बने और अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर सके। इसी के तहत सरकार द्वारा अपने कार्मिकों की कार्यात्मक क्षमता, कार्यक्षेत्र एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उन्हे दक्ष बनाये जाने हेतु आईगोट कर्मयोगी पर उपलब्ध पाठयक्रमों की व्यवस्था दी गई है, ताकि कार्मिक इन पाठयक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर तकनीकी तौर पर दक्ष होने के साथ-साथ कार्यक्षमता विकास का भी लाभ प्राप्त कर सके।

अपर निदेशक श्री मिश्र ने विभाग के कार्मिकों से कहा कि यह स्वर्णिम अवसर है कि सरकार द्वारा आईगोट पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये गये पाठयक्रमों को तन्मयता एवं ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आप को कर्मयोगी साबित करें।

इस अवसर पर सहायक निदेशक चन्द्र विजय वर्मा, सहायक निदेशक अमित कुमार यादव, सूचना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी



**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## बरेली में खनन विभाग का लिपिक 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने सोमवार को खनन विभाग के एक लिपिक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर सीज ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ाने और जुर्माने से संबंधित पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय भेजने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अनुसार, परसाखेड़ा निवासी महमूद रजा खां, जो वर्तमान में खनन अधिकारी कार्यालय बरेली में लिपिक (चतुर्थ श्रेणी) के पद पर तैनात है, को सोमवार दोपहर करीब 12:52 बजे ट्रैप टीम ने कार्यालय परिसर से पकड़ लिया। आरोपित शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। बताया गया कि किला थाना क्षेत्र के ग्राम रौठा निवासी वेद प्रकाश ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि उनकी सीज ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवमुक्त कराने और जुर्माने से संबंधित फाइल जिलाधिकारी कार्यालय भेजने के एवज में महमूद रजा खां 10 हजार रुपये मांग रहा है। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मंडल की टीम ने मामले का सत्यापन किया। इसके बाद निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपित को रिश्वत की रकम लेते समय दबोच लिया। आरोपित के खिलाफ थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति भ्रष्टाचार निवारण संगठन से सीधे संपर्क कर सकता है। इसके लिए पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के मोबाइल नंबर 9454405475 और प्रभारी निरीक्षक बरेली इकाई के मोबाइल नंबर 9454401653 पर सूचना दी जा सकती है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर संगोष्ठी, इतिहास और विचारधारा पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सोमवार को जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में जिला एवं मंडल स्तर पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यालय को सजाया गया और सुंदरकांड पाठ के बाद संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष गंगासागर दूबे ने भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई और आज यह देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद पर आधारित है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में जनसंघ की स्थापना, आपातकाल के दौरान कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बाद में भाजपा के गठन तक के इतिहास को विस्तार से रखा। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों और उनके नेतृत्व में लागू योजनाओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्या सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष गौरव ऊमर ने किया। इस दौरान सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## भारतीय किसान संघ ने की किसानों को मुआवजा देने की मांग, बैठक कर सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उरई। असमय ओलावृष्टि और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद होने को लेकर भारतीय किसान संघ की जालौन की जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जबकि प्रान्त अध्यक्ष साहब सिंह चौहान के मार्गदर्शन एवं प्रान्त मंत्री शिवराज सिंह पटेल की उपस्थिति रही। बैठक में जिले भर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर विस्तृतरूप से चर्चा की। इसके बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। किसानों ने समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी जालौन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ओलावृष्टि, अतिवृष्टि और तेज आंधी-तूफान के कारण गेहूं, मूंग सहित अन्य फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। भारतीय किसान संघ ने मांग की कि प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को 30,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा फसल बीमा की राशि समय पर नहीं दी जाती, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। संघ ने मांग की कि बीमा कंपनियां 72 घंटे के भीतर प्रारंभिक सहायता जारी करें और शेष भुगतान 30 दिनों के भीतर किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया कि जिन किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, वे बैंक ऋण चुकाने में असमर्थ हैं। ऐसे में किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के तहत लिए गए ऋण को समाप्त किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। किसान संघ ने मांग की कि बिजली आपूर्ति जल्द बहाल की जाए। साथ ही, गेहूं और मूंग की फसलों की सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई। वर्तमान में केवल 7-8 घंटे बिजली मिलने से किसानों को कठिनाई हो रही है। प्रान्त अध्यक्ष भारतीय किसान संघ साहब सिंह चौहान ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं भीग गया है और दागी हो गया है। किसान संघ ने मांग की कि खरीद केंद्रों पर ऐसे गेहूं की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिना किसी कटौती के खरीद की जाए। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की समस्याओं का सहानुभूतिपूर्वक समाधान किया जाए और तत्काल राहत प्रदान की जाए। जालौन में असमय ओलावृष्टि और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद होने को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। पार्टी नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों को तत्काल राहत और 100 प्रतिशत मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं के साथ सपा सांसद नारायणदास अहिरवार के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि 5 अप्रैल 2026 को जिले के कई गांवों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गेहूं, सरसों, चना सहित अन्य फसलें बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गई हैं। कई गांवों में किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। नेताओं ने कहा कि कई परिवारों के सामने खाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। इस गंभीर स्थिति को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उरई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

## निस्वार्थ सेवा भाव के लिए जाने जाते हैं भाजपा के कार्यकर्ता: शशांक मणि त्रिपाठी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को जनपद देवरिया के औरा चौरी स्थित कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा भाव के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम में देवरिया सदर से भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने सभी पार्टीजनों को पार्टी की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सतत चलने वाली पार्टी है, जिसकी नींव के ईंटे हमारे पार्टी के कार्यकर्ता हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ , अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से जन्मी भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति के ऐतिहासिक महत्व को पुनस्थापित करने का लगातार प्रयास कर रही हैं। पूर्व सांसद डा रमापति त्रिपाठी ने कहा कि जनसंघ से हमारी यात्रा शुरू हुई और आज केंद्र और कई प्रदेशों में हमारी सरकारें हैं । आज भाजपा 14 करोड़ कार्यकर्ताओं के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है । भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर है। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, जिन्हें 'पंचनिष्ठा' कहते हैं। ये पांच सिद्धांत पंच निष्ठा हैं । राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है । कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अनिरुद्ध मिश्रा, अंतर्यामी सिंह ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने किया । इस दौरान पंडित गिरीश चंद्र तिवारी पूर्व विधायक डा . सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, काली प्रसाद, विशंभर मिश्रा, प्रेम अग्रवाल, राजेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी मारकंडे तिवारी रमेश तिवारी, गंगा सिंह कुशवाहाए रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, गिरिजेश सिंह, अमित सिंह, रामाज्ञा चौहान, भारती शर्मा, निर्मला गौतम, शोभा यादव, शैलेन्द्र सिंह आजाद, नरेंद्र मिश्रा पप्पू, अभय नाथ त्रिपाठी, काशीपति शुक्ला, ऊषा पासवान, अर्चना पांडे, प्रदीप मधेशिया, सरिता पासवान, राजेश निषाद,राजन यादव,अंकुर राय, वीरेंद्र सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।